नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



पेज -4 पर

सारंगढ़ क्षेत्र में राधेश्याम का जनसंपर्क

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 144 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 29 मार्च 2024



पेज -8 पर

धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुशाम ने ऑटो ...

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़**

**चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)**

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### नक्सलियों ने फिर मचाया उत्पात, गांव में लगे मोबाइल टावर को किया आग के हवाले



**कोंडागांव।** जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है. यहां के एक गांव में लगे मोबाइल टावर को माओवादियों ने आग के हवाले कर दिया है. बुधवार रात करीब 11 बजे 4-5 नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया. इस मोबाइल टॉवर के जलने से आसपास का नेटवर्क शून्य हो गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीष भार्गव ने इसकी पृष्टि की। बस्तर में कुछ ही दिनों में लोकसभा का चुनाव होने वाला है. ऐसे में नक्सलियों की ओर से ग्राम केजंग में लगे जिओ के टावर में आग लगाने से 5 किलोमीटर के दायरे में नेटर्वक नहीं है. बता दें कि शासन-प्रशासन ने ऐसे कई नक्सल प्रभवित ग्रामों में टॉवर खड़े कर दिए हैं. इससे माओवादियों का नेटवर्क तोड़ने में ये टॉवर एक बड़ी कड़ी के तहत कार्य कर रहे हैं. हर घटना की सूचना इन टॉवरों के होने से पहुंच जाती है. इसका बड़ा कारण है अब हर ग्रामीण के हाथ में मोबाइल आ चुका है और वो इससे गांव में प्रशासन की हर योजना की जानकारी के साथ अब देश-दुनिया से भी जुड़ चुके हैं.

### अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

**आरंग।** शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ आरंग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त किया है. इसकी कीमत 2 लाख रुपये से भी ज्यादा बताई जा रही है. वहीं अवैध शराब बनाने वाले चार व्यक्ति पुलिस को देखकर घटनास्थल से फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. मामला आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली का है. आरंग थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिलने पर ग्राम चिखली में महानदी के किनारे स्थित हीरानार नाला में पुलिस ने दबिश दी.

# अरविंद केजरीवाल की ईडी कस्टडी एक अप्रैल तक बढ़ी

## सीएम ने कोर्ट में खुद पैरवी की, कहा- क्या गिरफ्तारी के लिए 4 बयान काफी हैं

नई दिल्ली। शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल की ED कस्टडी 4 दिन और बढ़ा दी है। अब वे एक अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे। इससे पहले कोर्ट में 39 मिनट सुनवाई चली। केजरीवाल ने खुद अपने केस की पैरवी की। वे ऐसा करने वाले देश के पहले सिटिंग सीएम बन गए हैं।

ED ने कोर्ट से केजरीवाल की 7 दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था। कोर्ट में सुनवाई दोपहर 1.59 बजे शुरू होकर दोपहर 2.39 बजे खत्म हुई। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। 4 स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये 4 स्टेटमेंट एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं?



इसके जवाब में ED ने कहा- मुख्यमंत्री कानून से ऊपर नहीं हैं। वहीं, कोर्ट में पेशी के लिए जाते वक्त उनसे पूछा गया कि स्म्र ने कहा था कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा कि ये पॉलिटिकल षड्यंत्र है, जनता इसका जवाब देगी।

### सीएम केजरीवाल की तबीयत ठीक नहीं- पत्नी सुनीता

इस बीच, केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि उनकी हेल्थ ठीक नहीं है। आपके मुख्यमंत्री को बहुत तंग किया जा रहा है। जनता जवाब देगी। ED ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को कोर्ट ने 7 दिन की कस्टडी में भेजा था। आज उनकी कस्टडी समाप्त होने वाली थी। इस पर ईडी ने उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया।

महतारी वंदन योजना को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा

# अब हर महीने की पहली तारीख को आएगा पैसा

## सीएम ने किया ऐलान

बालोद. प्रदेश की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को महतारी वंदन योजना के संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा की है. उन्होंने हर महीने की पहली या दूसरी तारीख को खातों में पैसे ट्रांसफर करने का ऐलान किया है.





मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंनें बताया कि उन्होंने वित्त मंत्री से आग्रह किया था कि महीने के पहले सप्ताह में ही महिलाओं को राशि का भुगतान हो जाए. जिस पर वित्त मंत्री ने 1 या 2 तारीख को ही पैसे ट्रांसफर करने की बात कही.

बता दें कि इससे पहले बीते 10 मार्च को सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त दी थी. रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर पहली किस्त के तौर पर 1-1 हजार रुपये लाभान्वित महिलाओं के बैंक खाते में ट्रांसफर किया था.

योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने एक हजार रुपए देने का वायदा किया गया था. जिसके तहत 10 मार्च को योजना के तहत 655 रुपये की पहली किस्त जारी की गई थी.

# एट्रोसिटी मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा की जीत, न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**रायपुर.** डिप्टी सीएम विजय को एक बड़े मामले में जीत मिली है. 2021 में तत्कालीन खाद्य अधिकारी अरूण मेश्राम ने विजय शर्मा और कैलाश चंद्रवंशी गरीबों का राशन कार्ड बनवाने गए थे. उसी दौरान खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम ने जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था. विजय शर्मा और कैलाश चंद्रवंशी पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस ठोका गया था. जिसमें विजय शर्मा जेल भी गए थे. गुरुवार को जिला न्यायालय में फैसला सुनाया. जिसमें दोनों को दोषमुक्त किया गया है. जिला न्यायालय में अंतरिम सुनवाई के दौरान जिला सत्र न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने फैसला सुनाते हुए विजय शर्मा को दोषमुक्त करार दिया. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि तत्कालीन मंत्री मोहम्मद अकबर की शह पर हम पर फर्जी एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी. आज सच सबके सामने आ गया है. उस दौरान मोहम्मद अकबर लोगों की आवाज दबाने के लिए फर्जी एक्ट लगवाकर कारवाई कराने का काम करते थे.





विजय शर्मा ने कहा कि हमने किसानों और गरीबों की आवाज उठाई थी. जिसके बदले एक अधिकारी के मार्फत फर्जी एट्रोसिटी एक्ट लगवाया गया.

पूर्व सीएम बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने किया पलटवार

# खराबी ईवीएम में नहीं, उनकी पार्टी में है

**रायपुर।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव लड़वाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जब वे चुनाव जीते थे तब भी ईवीएम था. ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमियों को समझें. इसके साथ ही नितीन नबीन को प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस के बलि का बकरा बनाए जाने के बयान पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहले ओम माथुर प्रभारी थे, उनके नेतृत्व में भाजपा को बहुमत मिला. बलि का बकरा बनाने वाली कोई बात ही नहीं है. नितिन नबीन को प्रमोट किया गया है. उनके नेतृत्व में हम 11 की 11 सीटे जीतेंगे.



### खराबी ईवीएम में नहीं, उनकी पार्टी में है- मंत्री टंकराम वर्मा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव लड़वाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जमाना कहां से कहां पहुंच गया, देश दुनिया की खबरों को हम मोबाइल पर देख रहे हैं. खराबी ईवीएम में नहीं, उनकी पार्टी में है. 2018 में जब उनकी सरकार बनी तब भी तो ईवीएम ही था. दूसरे राज्यों में जब दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो वहां भी ईवीएम से ही चुनाव होते हैं. ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमजोरी, अपनी कमियों को समझें. राशन वितरण और महतारी वंदन को लेकर पूर्व सीएम भूपेश के ट्वीट पर मंत्री टंकराम ने कहा कि वितरण बंद नहीं हुआ, कोरोना काल से खाद्यान्न वितरण का काम चल रहा है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा प्रवेश पर किरण देव का तंज

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में घुटन सी हो रही है, पार्टी में न कोई नियम है न कुछ

रायपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव गुरुवार को बस्तर दौरे से वापस रायपुर लौटे. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए देव ने कहा कल प्रथम चरण का नामांकन हुआ.



इस दौरान बस्तर लोकसभा के सभी कार्यकर्ता और संभाग के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे. अच्छा वातावरण है. जानता के बीच जाने का सिलसिला जारी है.

बस्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में प्रवेश करने को लेकर देव ने कहा कि पूरे प्रदेश का यही वातावरण है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में घुटन सी हो रही है. कांग्रेस पार्टी में न कोई नियम है न कुछ है. कल करीब 2 हजार की संख्या में लोगों ने भाजपा ने प्रवेश किया है.

कांग्रेस के प्रतिशोध वाले बयान पर किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रतिशोध की राजनीति कैसे की जाती है कांग्रेस ने 5 साल में दिखाया है. बीजेपी का संघठन और सरकार दोनों हमेशा जानता के बीच में रहते हैं. कांग्रेस के पीडीएस वाले बयान पर उन्होंने कहा कि पीडीएस को लेकर कांग्रेस का क्या कमाल है. हमारी सरकार ने यह संचालित किया था. कांग्रेस ने किया ही क्या है. वादे किए हैं जो पूरे नहीं किए. जानता ने 5 साल में नकार दिया.

# चावल, नमक, चना बंद हुआ सांय-सांय !

## पूर्व सीएम के बयान पर सीएम साय का पलटवार, कहा- यथावत जारी है पीडीएस से संबंधित सभी लाभ

रायपुर. पीडीएस को लेकर सोशल मीडिया में चल रही जानकारी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बयान जारी किया है. उन्होंने सोशल मीडिया में एक पोस्ट कर पीडीएस से संबंधित फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया है.











### 'भरोसे के 5 साल' अब याद आ रहे हैं- भूपेश

दरअसल पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीडीएस को लेकर कहा था कि सरकार बदलते ही हमारी सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया गया है. जिस पर सीएम साय ने अपने ङ्ग अकाउंट के जरिए पीडीएस को लेकर जानकारी दी.

उन्होंने लिखा कि कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि पीडीएस संबंधित पिछली सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया गया है. पहली बात तो यह है कि पिछली सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं का ही नाम बदलकर उसे आगे बढ़ाया था. पीडीएस से संबंधित सभी लाभ यथावत जारी है.

*बता दें कि पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि 'हमारी सरकार में मिलने वाला हर सदस्य का 7 किलो चावल हुआ बंद- साँय साँय नमक हुआ बंद- साँय साँय चना हुआ बंद- साँय साँय मोदी जी की गारंटी इस कदर साँय साँय काम कर रही है कि लोकसभा चुनाव ख़त्म होते ही महतारी वंदन योजना की राशि भी बंद हो जाएगी. बंद न होगी तो कटौती तो शुरु हो ही जाएगी. जनता को वो भरोसे के 5 साल अब याद आ रहे हैं.'*

# राजधानी में सूर्य का पारा चढ़ा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मौसम साफ है। इसकी वजह से तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्मी भी बढ़ रही है। अगले दो दिनों में दिन के तापमान के 40 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। हालांकि मौसम विभाग ने महीने के अंतिम दिनों में बादल-बारिश से गर्मी से थोड़ी राहत की उम्मीद जताई है। अनुमान है कि 30-31 मार्च को राज्य में आने वाली हवा बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आएगी। इधर, पिछले चार दिनों से राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी भी बढ़ रही है। दिन में तेज धूप के साथ उमस है। वहीं दिन के साथ-साथ अब रात भी गर्म हो रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान रायपुर में 38, माना में 37.8, पेण्डारोड में 36.2, अंबिकापुर में 35.2, जगदलपुर में 37.4, दुर्ग में 37.8 और राजनांदगांव में 38 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# वादों नहीं, गारंटियों पर लड़ा जाएगा पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव

पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने चुनाव अभियान में मोदी की गारंटी को प्रमुख मुद्दा बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य की 42 में से 35 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर चुके हैं। अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसकी काट के तौर पर ममता की गारंटी को अपना प्रमुख हथियार बनाने का फैसला किया है।

पार्टी ने साल 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता के अकेले अपने बूते भाजपा को कड़ी टक्कर देने की मिसाल सामने रखते हुए इस अभियान की रणनीति बनाई है। उस चुनाव में स्टार प्रचारक रहीं ममता ने अपने अभियान में खासकर महिलाओं और युवतियों के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई तमाम योजनाओं के बारे में बढ़-चढ़ कर प्रचार किया था। चुनावी नतीजों से साबित हो गया कि केंद्र सरकार के दावों और वादों के मुकाबले ममता के दावे ज्यादा कामयाब रहे थे। इसलिए इस बार भी अपनी चुनावी रणनीति के तहत पार्टी के नेताओं ने जहां एक ओर ममता की गारंटी की मिसाल के तौर पर कन्याश्री और गृहलक्ष्मी जैसी योजनाओं के प्रचार की योजना बनी है तो दूसरी ओर चुनाव अभियान के दौरान मोदी की गारंटी को खोखला



*चुनावी नतीजों से साबित हो गया कि केंद्र सरकार के दावों और वादों के मुकाबले ममता के दावे ज्यादा कामयाब रहे थे। इसलिए इस बार भी अपनी चुनावी रणनीति के तहत पार्टी के नेताओं ने जहां एक ओर ममता की गारंटी की मिसाल के तौर पर कन्याश्री और गृहलक्ष्मी जैसी योजनाओं के प्रचार की योजना बनी है तो दूसरी ओर चुनाव अभियान के दौरान मोदी की गारंटी को खोखला बताते हुए पार्टी के नेता उसकी कथित पोल भी खोलते नजर आएंगे।*

बताते हुए पार्टी के नेता उसकी कथित पोल भी खोलते नजर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल के महीनों में अपनी तमाम जनसभा में केंद्र की विकास योजनाओं को अपने नाम के साथ जोड़ते हुए मोदी की गारंटी के दावे कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अपनी एक जनसभा में उन्होंने कहा था कि मोदी की सबसे बड़ी गारंटी है गारंटी पूरी होने की गारंटी।

तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि पार्टी ने मोदी के इसी जुमले पर चौतरफा हमला बोलने की रणनीति अपनाई है। इसी के तहत पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 10 मार्च की ब्रिगेड रैली में जुटी लाखों की भीड़ के सामने सवाल उठाया था कि वो किसकी गारंटी पर भरोसा करते हैं मोदी की या दीदी की?

तृणमूल कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि अप्रैल के पहले सप्ताह से पार्टी आक्रामक चुनाव अभियान शुरू करेगी। ममता बनर्जी के सिर पर चोट लगने की वजह से कुछ कार्यक्रमों को आगे जरूर बढ़ाना पड़ा है। लेकिन चुनाव अभियान के दौरान बीते 13 वर्षों के दौरान ममता बनर्जी सरकार की कामयाब योजनाओं के पूरा होने को ममता की गारंटी के तौर पर पेश किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि यह चुनाव भी लोकसभा का हो, इसके प्रचार में भी वही रणनीति अपनाई जाएगी जो साल 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान अपनाई गई थी। उस चुनाव में पार्टी का नारा खेला होबे काफी हिट रहा था और लोगों की जुबान पर चढ़ गया था। इस नारे को लेकर कई गीत पर लिखे और गाए गए थे। पूरे चुनाव अभियान के दौरान दूर-दराज के गांवों में भी लाउडस्पीकर के जरिए लगातार इन गीतों को बजाया गया था। इन गीतों में ममता की तमाम योजनाओं की चर्चा भी की गई थी। पार्टी के एक नेता बताते हैं कि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शुरू भाग्यश्री और कन्याश्री जैसी योजनाओं ने विधानसभा चुनाव में महिला वोटरों को पार्टी की ओर खींचने में काफी अहम भूमिका निभाई थी। बीते विधानसभा चुनाव में जीत के बाद ममता ने महिलाओं के लिए गृहलक्ष्मी और लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाएं शुरू की थी। इसके तहत हर महिला के बैंक खाते में पांच सौ से 1000 तक की रकम के अलावा मुफ्त राशन की व्यवस्था है। पार्टी लोकसभा चुनाव के प्रचार में इन दोनों योजनाओं को भी ममता की टाप गारंटी के तौर पर पेश करना चाहती है। टीएमसी के तमाम नेताओं और मंत्रियों को प्रचार के अलावा अपनी नियमित प्रेस कांफ्रेंस में भी इन योजनाओं की चर्चा करने का निर्देश दिया गया है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, मोदी की तमाम योजनाओं के जवाब में ममता की योजना सामने रख कर भाजपा से मुकाबले की रणनीति बनाई गई है। इसके तहत केंद्र की योजनाओं को फेल और ममता की योजनाओं को कामयाब बताया जाएगा। दूसरी ओर, भाजपा ममता बनर्जी सरकार और उसके मंत्रियों के खिलाफ शिक्षक भर्ती घोटाला, चिटफंड घोटाला, राशन घोटाला, पशु तस्करी घोटाला और कोयला खनन घोटाला जैसे मुद्दे तो पहले से ही उठाती रही हैं। लेकिन अब उसे संदेशखाली के तौर पर महिला उत्पीड़न का एक ठोस मुद्दा मिल गया है। वह इस मुद्दे को अपने राजनीतिक हित में भुनाने में जुटी है। इसी कड़ी में पार्टी ने बशीरहाट संसदीय से संदेशखाली की एक पीड़िता रेखा पात्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। संदेशखाली इलाका बांग्लादेश की सीमा से सटी बशीरहाट संसदीय क्षेत्र में ही है। भाजपा के इस आक्रामक प्रचार की काट के लिए तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखाली में प्रचार की रणनीति में आमूल-चूल बदलाव किया है।

प्रभाकर मणि तिवारी

## संपादकीय

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रैली

विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय और कांग्रेस पार्टी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में महारैली घोषणा की है।

आप 'इंडिया'-इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस-का घटक दल है। महारैली में 'इंडिया' गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शिरकत करेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को समान अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। लवली ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोष जताते हुए अपनी पार्टी के खातों को 'फ्रीज' (लेन देन पर रोक) का भी जिक्र किया।

कहा कि महारैली न सिर्फ राजनीतिक रैली होगी, बल्कि देश में लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ साझा आवाज उठाने का भी आह्वान करेगी।

बहरहाल, केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन की ऐसी तैयारियों से लगता है कि वह अपने प्रति आम जन के मन में सहानुभूति पैदा करना चाहता है। दरअसल, आप और 'इंडिया' गठबंधन को लगता है कि अन्ना आंदोलन से निकले केजरीवाल की ईमानदार होने की जो छवि है, उसे सहानुभूति में बदला जाए।

# लोकसभा चुनाव 2024: इस 'पहली बार' में छिपे हैं भविष्य के कई संकेत...

बहुत कुछ पहली बार हो रहा है, इस आम चुनाव के दौरान। पहली दफा किसी पदासीन मुख्यमंत्री की घोटाले के आरोप में और वो भी देश में आदर्श आचार संहिता लागू रहते गिरफ्तारी हुई है। खुद को बेकसूर मानने वाले और फिलहाल ईडी की हिरासत में एक मुख्यमंत्री ने जेल से कार्यकारी आदेश जारी किया है। पहली बार किसी राजनीतिक पार्टी ने देश की राष्ट्रपति के खिलाफ याचिका दायर की है तो संभवत- पहली बार कोई प्रधानमंत्री आचार संहिता लागू रहते ही विदेश यात्रा पर गया है तो पहली दफा आचार संहिता लागू रहते किसी राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है।पहली बार एक राज्यपाल ने सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद एक मंत्री को पद की शपथ दिलाई है तो पहली दफा देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने गुहार लगाई है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उसके खाते सील कर दिए हैं, पार्टी के पास प्रचार तक के पैसे नहीं हैं।



**पहली बार आचार संहिता के दौरान भी ईडी, सीबीआई के विपक्षी नेताओं पर छापे जारी हैं। पहली बार घोड़ा और घास की यारी की तर्ज पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ हैं। पहली दफा विपक्ष के मन में यह डर है कि यह आम चुनाव कहीं आखिरी साबित न हों तो पहली बार मतदाताओं के मन में भी यह शंका कुलबुला रही है कि भविष्य विपक्ष ही नहीं बचा तो सरकार चुनने का अर्थ क्या रह जाएगा?**

पहली बार आचार संहिता के दौरान भी ईडी, सीबीआई के विपक्षी नेताओं पर छापे जारी हैं। पहली बार घोड़ा और घास की यारी की तर्ज पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ हैं। पहली दफा विपक्ष के मन में यह डर है कि यह आम चुनाव कहीं आखिरी साबित न हों तो पहली बार मतदाताओं के मन में भी यह शंका कुलबुला रही है कि भविष्य विपक्ष ही नहीं बचा तो सरकार चुनने का अर्थ क्या रह जाएगा?

कुछ गौरतलब बातें और भी हैं। मसलन पहली बार चुनावों में एआई का प्रयोग हो रहा है तो पहली दफा यह है कि राजनीतिक पार्टियों के मुखौटों में परिवारवादी नेतृत्व और व्यक्तिवादी नेतृत्व में सीधा आमना-सामना है तो यह पहली बार है कि एक सत्तारूढ़ गठबंधन जीत के प्रति आश्वस्त होने के बाद भी बंपर जीत के लिए प्रयत्नों की पराकाष्ठा किए दे रहा है।

यह भी पहली बार ही है कि अपने अस्तित्व पर आसन्न खतरे को भांप कर भी विपक्ष क्षुद्र स्वार्थों के जाल से पूरी तरह निकल नहीं पा रहा है। और यह भी कि देश के राजनीतिक फलक पर मूल्यविहीन टिकटजीवियों के सम्प्रदाय का निरंतर विस्तार होता जा रहा है। गोया समूचा परिदृश्य 'न भूतो' जैसा है 'भविष्यति' होगा या नहीं, कहना मुश्किल है। इसके पहले 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनावों में ऐसी स्थिति बनी थी, 'जब करो या मरो' की भावना के साथ विपक्ष एकजुट हुआ था और उसने श्रीमती इंदिरा गांधी की अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उलट दिया था।

ये अलग बात है कि विपक्ष की वो एकता सतही थी। लेकिन उसी के साथ भविष्य में कांग्रेस के धीरे- धीरे हाशिए पर जाने की पूर्व पीठिका तैयार हो गई थी।

अगले तीन दशकों तक कांग्रेस केन्द्र में कभी अपने दम पर तो कभी गठबंधन की बैसाखी के सहारे सत्ता में आती रही। लेकिन 2014 में उसकी सत्ता में वापसी पर लंबा ब्रेक लग गया। अभी भी वह ऐसे मुद्दों की तलाश में है, जो उसे वापस सत्ता दिला सके। वो भरोसा, जिसके बूते खुद कांग्रेसी ही अपनी पार्टी में न्याय मिलने को लेकर आश्वस्त हो सकें। वो विश्वास, जो कांग्रेस के प्रति अल्पसंख्यकों से भी ज्यादा बहुसंख्यकों में था, कैसे लौट सके। कैसे पार्टी तुष्टिकरण के पूर्वाग्रह को लांघ कर सर्वजन हिताय के रथ में सवार हो सके। कैसे वह अपने ही अंतर्विरोधों को गटककर एक मजबूत और प्रतिबद्ध सेना के रूप में मतदाता के सामने आ सके। खतरे तो भाजपा के सामने भी हैं। महासागर का रूप ले चुकी पार्टी अब विचारों से ज्यादा सत्ताग्रही आचारों से नियंत्रित और संचालित हो रही है। अगर कांग्रेस को किसी दमदार नायक की तलाश है तो भाजपा के सामने एक अधिनायक की विराट छवि में खुद के गुम जाने का खतरा है।

एक चेहरे पर अति निर्भरता उसे भविष्य में कांग्रेस की राह पर ले जा सकती है। भाजपा और संघ ने एक सुचिंतित रणनीति और लक्ष्य के तहत धर्मनिरपेक्षता की परतें उधेड़ कर उसमें बहुसंख्यक समाज की हैसियत और वर्चस्व को संस्थापित किया, लेकिन इसका अतिवाद खुद उसके अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। क्योंकि एकजुटता में ही अंतर्विरोधों के बीज छुपे होते हैं।

अजय बोकिल

## मिला जुला

### एक नजर

#### सीएम भगवंत मान के घर गूंजी किलकारी, बेटी ने लिया जन्म



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर बेटी ने जन्म लिया है। यह जानकारी खुद उन्होंने अपने इंटरनेट अकाउंट पर शेयर करते हुए कहा है कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस समय दिल्ली की राजनीति देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां शराब घोटाले में अब आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल में बंद हैं। उन्हें कोर्ट ने ईडी हिरासत में भेजा हुआ है। इससे पहले 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने पूरे पंजाब खुशखबरी दी थी। जनता को संबोधित करते हुए सीएम मान ने बताया था कि मार्च में मेरे घर खुशियां आने वाली है। मेरी पत्नी गुरप्रीत कौर सात महीने की प्रेग्नेंट हैं। सीएम ने कहा कि ये जानकर आपको हैरानी होगी की हमको ये भी नहीं पता है कि लड़का है या लड़की। न ही हमने टेस्ट कराया है। बता दें कि सीएम मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पेहोवा की रहने वाली हैं। उन्होंने कहा कि बच्चा बस तंदुरुस्त होना चाहिए। लड़के-लड़कियों के चक्कर में न पड़ें और न जांच कराएं कि लड़का है या लड़की। उन्होंने कहा कि क्या पता कि किस रूप में नारायण मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी आये स्वस्थ होकर आये। स्वास्थ्य प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है।

## सुप्रिया श्रीनेत को कांग्रेस से 'झटका', EC ने भी थमाया नोटिस; कंगना पर टिप्पणी कर फंस गई?

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बनी अभिनेत्री कंगना रनौट पर गलत टिप्पणी कर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत अब फंस गई हैं। कंगना पर आपत्तिजनक कमेंट करने पर सुप्रिया को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच अब कांग्रेस पार्टी ने भी उनपर सख्ती बरती है।



कांग्रेस ने सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से किए गए गलत पोस्ट पर उन्हें सख्त संदेश दिया है। पार्टी ने सुप्रिया का उस निर्वाचन क्षेत्र से टिकट काट दिया है, जहां से वो उम्मीदवार के रूप में 2019 का चुनाव लड़ीं थी। सुप्रिया ने पिछला लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से लड़ा था, लेकिन वह भाजपा के पंकज चौधरी से हार गयी थीं। कांग्रेस ने इस बार कंगना रनौट पर की गई कथित पोस्ट के बाद श्रीनेत को हटाकर वीरेंद्र चौधरी को इस सीट से टिकट दिया है। श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से रनौट की तस्वीर और अपमानजनक कैप्शन के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट डाला गया था। हालांकि, श्रीनेत ने तुरंत स्पष्ट किया कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और उनमें से एक ने ये अनुचित पोस्ट किया है। कांग्रेस नेता सुप्रिया ने कंगना को लेकर की गई पोस्ट पर कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने पोस्ट की डिलीट कर दिया। जो भी लोग मुझे जानते हैं, वे जानते हैं कि मैं कभी भी किसी महिला के प्रति व्यक्तिगत और गलत टिप्पणी नहीं कर सकती। मैं जानने में जुटी हूं कि यह कैसे हुई है। इससे पहले चुनाव आयोग ने सुश्री श्रीनेत को उनके पोस्ट पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बुधवार को अपनी आठवीं सूची की घोषणा की। इसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड के लिए 14

### यूपी- भाजपा के लिए बड़ी चुनौतियां!

# पिछले चुनाव जैसा महागठबंधन नहीं, राम मंदिर निर्माण से फायदा

**विश्लेषक** कहते हैं कि भाजपा यूपी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014 में कर चुकी है। अब सभी 80 सीटें जीत पाना तो दो पत्थरों के बीच दूब उगाने जैसा होगा। हालांकि, ऐसा करिश्मा आपातकाल के बाद हुए 1977 के आम चुनाव में हो चुका है। तब जनता पार्टी उस समय की सभी 85 सीटों पर अपना परचम फहराने में कामयाब हुई थी। सियासी पंडितों का तर्क है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा 16 सीटें हार गई थी। उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर दो सीटें जीतीं जरूर, लेकिन मुकाबला कड़ा रहा। सपा के गढ़ वाली मैनपुरी और कांग्रेस का किला रही रायबरेली दो ऐसी सीटें हैं, जो भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण रही हैं। पिछले चुनाव में हारी और कड़े मुकाबले वाली 20 से ज्यादा सीटों के हालात अब भी पिछले आमचुनाव से ज्यादा भिन्न नहीं हैं। उल्टा कई सीटों पर मोदी फैक्टर की जगह प्रत्याशी फैक्टर हावी है। अब तक घोषित 63 सीटों में से करीब 10 ऐसी हैं, जहां मतदाता इस बार भाजपा से नए चेहरे की उम्मीद कर रहा था।



साल 2014 और 2017 के चुनाव की तरह तत्कालीन सरकार के खिलाफ वाला माहौल भी नहीं है। सरकार भाजपा की है। 2014 की तरह चतुष्कोणीय मुकाबला नहीं है। तब भाजपा-अपना दल, कांग्रेस-रालोद-महान दल गठबंधन के अलावा बसपा और सपा के बीच चतुष्कोणीय चौसर सजी थी। 2019 की तरह महागठबंधन जरूर सामने नहीं है, लेकिन त्रिकोण बनाने को मैदान में उतरी बसपा के पास पहले जैसे दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहे हैं।
दूसरा, 2019 में बसपा प्रदेश की 37 सीटों पर मैदान में नहीं थी। ऐसी सीटों पर अपवाद स्वरूप छोड़कर दलित वोट महागठबंधन के बजाय भाजपा की ओर शिफ्ट हो गया था, जिसकी वजह से भाजपा की सीटें 2014 की अपेक्षा घटने के बावजूद मत प्रतिशत बढ़ गया था।
तीसरा, इस चुनाव में सत्ताधारी दल के काम, व्यवहार और आचरण की भी लोग चर्चा कर रहे हैं। चुनाव कार्यक्रम के एलान के साथ ही अलग-अलग इलाकाई फैक्टर उभरने लगे हैं। एक और बड़ी बात-पिछले दो चुनावों में भाजपा की सीटें बढ़ने की जगह घटी हैं।

#### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के सारे जतन

2014 की सफलता से बेहतर प्रदर्शन के लिए पार्टी ने रणनीति और चुनाव प्रबंधन से लेकर आक्रामक प्रचार अभियान की जोरदार तैयारी की है। यह चुनाव के पहले से और अब प्रचार-अभियान की शुरुआत तक साफ-साफ नजर आ रहा है।
चुनाव के ठीक पहले भाजपा ने श्रीराम मंदिर का निर्माण और भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कर अपना सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा किया। इसे भाजपा 'जो कहा, सो किया' की तरह प्रचारित कर रही है। भाजपा इस माहौल को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत से लगी हुई है। भाजपा सरकार वाले राज्यों के मुख्यमंत्री सहित उनकी कैबिनेट तक अयोध्या आकर दर्शन कर चुकी है। इससे उन राज्यों सहित यूपी में लगातार चर्चा और माहौल बना हुआ है।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले भर में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रम

* मतदान प्रतिशत बढ़ाने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से जनसामान्य को किया जा रहा जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत चिखली में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-हालाहुली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। धरमजयगढ़ के कन्या छात्रावास, बाकारूमा एवं हाटी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शपथ कार्यक्रम, लैलूंगा के कुर्रा बिरहोर बस्ती में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गई। रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।




इसी तरह जिले के अन्य विकासखण्डों में स्वीप संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। आयोजित स्वीप कार्यक्रम में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया गया।



# जिले में महिला मतदाताओं ने बनाया अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड

## बेमेतरा का नाम 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में महिला मतदाताओं ने बनाया अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड । जिला प्रशासन के द्वारा महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के एक लाख से ज़्यादा महिलाओं ने मतदान करने की शपथ।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने आज गुरुवार को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत ज़िला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था।

पूरे जिले में एक ही समय दोपहर 12 बजे एक लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान की शपथ ली। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने शपथ दिलायी।

इसी के साथ गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना ।



गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री सोनल शर्मा ने मंच से घोषणा की और कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा को प्रारंभिक तौर पर सर्टिफिकेट सौंपा। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि यह सर्टिफिकेट और बना रिकॉर्ड की असली हक़दार महिला मतदाता है । जो तपती धूप में पूरे उत्साह के साथ ज़िला मुख्यालय सहित ज़िले के सभी नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों में मतदान की शपथ ली। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ,छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री सोनल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के पूरे फ़ोटो,वीडियो प्राप्त होने पर अगली कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को बधाई और शुभकामना दी।* इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी,उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और महिला मतदाता उपस्थित थे।

मालूम हो कि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड (GBWR) एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक है। इस रिकॉर्ड बुक का उद्देश्य उन लोगों को एक मंच देना है जिनमें कुछ छिपी प्रतिभा है, जो दूसरों से आगे खड़े होना चाहते हैं और अद्वितीय प्रयास करके इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। आज ज़िले की एक लाख से ज़्यादा महिला मतदाताओं ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ले कर ज़िले इतिहास रच दिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 के अन्तर्गत महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओ व नवागत बहुओं में मतदान के प्रति जानगरूता उत्पन्न किये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

आज गुरुवार 28 मार्च को जिले में महिला मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम पूरे जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय और ,प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किया गया। जिला स्तर पर बड़ा कार्यक्रम ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। इसमे रंगोली, मेहंदी, क्विज,आदि शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे एक निश्चित समय पर प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत / जनपद स्तर पर मुख्यालय में तथा इसके प्रत्येक वार्ड में पूरे जिले में एक साथ 1 लाख ज़्यादा महिला मतदाताओं का मतदाता शपथ ली ।कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने प्रतियोगी महिलाओं द्वारा बनाये गये रंगोली, मेहंदी,पोस्टर पेंटिंग आदि का अवलोकन किया और सराहना की। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र सौंपे।

# स्वीप एक्टिविटी के तहत छात्र-छात्राओं एवं बिहान की महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

## एनआरएलएम की महिलाओं ने मतदान करने की ली शपथ

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली।

छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं के लिए आकर्षक संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता के तहत शक्ति संकुल सिमड़ा की बिहान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकली और हम महिलाओं ने ठाना है शत प्रतिशत मतदान करना है जैसे नारो से मतदान करने का संदेश दिया। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत दीक्षा कलस्टर संगठन मनोरा में एसडीएम प्रशांत कुशवाहा की उपस्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी कैडर एवं समूह की महिलाओं को सामूहिक शपथ दिलाई गई एवं सभी को अपने गांवों में मतदान करने हेतु जागरूक किया।




# गुरुबालकदास समाधि मेला स्थल में स्थापित जैत खाम में पालो चढ़ा कर गुरुबालक दास को श्रदांजलि अर्पित किए

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



गुरुबालकदास समाधि एवं भुजबल महंत स्मारक निर्माण व्यवस्थापन समिति नवलपुर धाम बेमेतरा के तत्वाधान में वीर शहीद राजागुरु बालकदास की 164 वीं शहादत वर्ष में 26 मार्च 2023 को समाधि मेला स्थल जहां पर गुरु बालकदास का कफन

-दफन हुआ था, नवलपुर धाम में मेला कमेटी के संरक्षक तामेश्वर अनंत मेला कमेटी के संयोजक सुकालु कोठारी, जी.एस.एस. नवागढ ब्लाक संयोजक व उपस्थित जनों ने ग्राम में रैली निकाली गई एवं गुरू बालकदास व सफेद झंडा के साथ ग्राम भ्रमण कर समाधि मेंला स्थल में जैत खाम में पालों चढाया गया तथा गुरू बालकदास जी के शहादत को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिए 7 शहादत स्मृति सभा को मुख्य अतिथि ( मेला

कमेटी ) के संरक्षक साहेब श्री तामेश्वर अनंत ने संबोधित करते हुए कहा कि यह जगह सतनाम

धर्म के ऐतिहासिक स्थल है यह जगह आने वाले दिनों में निश्चित रूप से लाखों की संख्या में लोग गुरू बालकदास,भुजबल महंत व डोला यात्रा के ऐतिहासिक वीर?गाथा को याद करने देखने व

सुनने के लिए आएंगे। आने वाले दिनों में लोगों के जन सहयोग से यह स्मारक विशाल रूप

से बनाया जाएगा, कुछ सामंती सोच के लोग नहीं चाहते कि यहां गुरू बालकदास,भुजबल

महंत के इतिहास को लोग जाने वे चाहते है कि अन्य धर्म स्थलों की तरह यहां भी पंडागिरि

चले लेकिन जी.एस.एस के विचारवान साथियों के कारण इस जगह में उन लोगों की दाल नहीं

गल रहा है। आगामी दिनों में हम सब लोग गांव गांव जाकर इस जगह का प्रचार प्रसार कर

आम लोगों के सहयोग से यह जगह को दर्शानिय स्थल का आकार दिया जायेगा । सभा को

सहअतिथि वक?ता मेला कमेटी के संयोजक सुकालु कोठारी, ने संबोधित करते हुए कहा कि हम

सबको गुरुघासीदास सेवादार संघ के बताए हुए मार्गदर्शन में चलना चाहिए। समाज को सही

राह दिखाने वाले एकमात्र संगठन जी.एस.एस है जो सच को सच एवं झूठ को झूठ बोलने का

ताकत रखता है, जी.एस.एस. संगठन व इनके मुखिया लखन सुबोध ने ही इस समाज जहान

को गुरू बालकदास जी का इतिहास व चित्र एवं भुजबल महंत का वीरगाथा डोला यात्रा जैसे

इतिहास को अवगत कराया, अगर जी.एस.एस. संगठन नहीं होता तो आज इस इतिहास से हम

अनभिग्न रहते जी.एस.एस. संगठन ही सतनाम धर्म स्थल प्रबंधन कानून बनाने व सतनाम धर्म

को विधिक रूप से मान्यता के लिए आवाज बुलंद कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजेश

जांगडे ने किया। शहादत स्मृति सभा में आस-पास के सैकडों की संख्या मे महिला पुरूष व

बच्चे शामिल हुए। शहादत स्मृति सभा में मोती सोनवानी, हरि बांधे, पंचराम बारले, रामाकांत

सोनवानी, छोटेलाल बारले, विनोद बारले,अमर बांधे, भुनेश्वर महिलांगे, ज्ञानदास सोनवानी,बालकदास महिलांगे, राहुल बारले, ओमप्रकाश सोनवानी, जैनेन्द्र बारले, राजा टण्डन, मेहत्तरु बारले, थारेश मारकण्डे, नरेन्द्र टण्डन, रामजी, अजय बांधेराजेश बान्धे, मदन टण्डन, जगरतन ठण्डन, गुलाबचंद कुर्रे उपस्थित रहे। यह जानकारी हरि बांधे ( प्रवक?ता गुरुबालकदास समाधि एवं भुजबल महंत स्मारक निर्माण व्यवस्थापन समिति बेमेतरा ) ने किया।

# युवा उपन्यासकार हीरालाल गुप्ता द्वारा रचित उपन्यास 23 मार्च का हुआ भव्य विमोचन

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।




रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लॉक महानदी की गोद में बसे छोटे से गांव त्रिभोना के बलराम गुप्ता एवं गंगाई गुप्ता के छोटे सुपुत्र उभरते हुए युवा उपन्यासकार हीरालाल गुप्ता द्वारा रचित उपन्यास 23 मार्च का विमोचन समारोह, शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 23 मार्च को श्यामलाल मेमोरियल कालेज पुसौर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशीभूषण गुप्ता सेवानिवृत्त शिक्षक,अध्यक्ष श्यामनारायण श्रीवास्तव,वरिष्ठ साहित्यकार,विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र प्रधान, कांता पटेल, भावना मंडपे, अरविंद मिश्रा, सुधीर शर्मा, प्रणीत शर्मा, फकीर पटेल, जय यादव, डाक्टर सौरभ प्रधान, प्रमेश खरे,जयपाल सिदार, राकेश नारायण बंजारे वरिष्ठ साहित्यकार,सुरेंद्र जेना समाज सेवी,मंगल प्रधान, गुणनिधि सतपथी की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां बागेश्वरी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई उसके पश्चात सभी अतिथियों, गुरुजनों एवं साहित्यकारों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आमगांव से आये कवि तेजराम नायक ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मनमोहन सिंह ठाकुर, खरसिया, पुरुषोत्तम प्रसाद गुप्ता,खरसिया,साखीगोपाल पंडा,बरमकेला,केदारनाथ स्वर्णकार बरमकेला,कन्हैयालाल गुप्ता,रायगढ़,अमित शर्मा,रायगढ़, तिलक तनौदी रायगढ़,चन्द्रभान पटेल,महासमुंद, सुखदेव सिंह राठिया, तमनार,अजय पटनायक,तमनार,रीता प्रधान, छिंछ, जयंत यादव, कोतासुरा, ने अपनी कविताओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये कार्यक्रम में हीरालाल गुप्ता के परिवार,गांव वाले इष्टमित्र,सगे संबंधियों एवं पुसौर अंचल के आये हुए सभी लोगों ने एवं सभी साहित्यकारों ने हीरालाल गुप्ता को इस कृति हेतु बहुताधिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये।

# स्वीप रंगोली में प्रीति प्रथम, रिया को दूसरा और भामिनी को तीसरा पुरस्कार

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया प्रेरित

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज 27 मार्च को शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के स्वीप इकाई द्वारा स्वीप रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। आज के इस प्रतियोगिता में प्रीति सिदार ने प्रथम स्थान, रिया बंजारे ने द्वितीय एवं भामिनी सिदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आगामी लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, नाटक, गीत, वाद-विवाद का आयोजन महाविद्यालय में आयोजित की जा रही है, इसी के अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं अनिवार्य मतदान का आकर्षक एवं प्रेरणायुक्त रंगोली बनाकर संदेश दिया कि वोट हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, हमारा वोट हमारा ताकत है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 की स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## हाथों पर मेहंदी लगाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान के लिए संदेश

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत.प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, कुनकुरी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारीए वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन के साथ बच्चों जागरूकता का संदेश दिया। वही जिले के कुनकुरी में बिहान समूह दुलदुला ब्लॉक की महिला मतदाताओं द्वारा मेहंदी लगा कर समस्त मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। समूह की दीदीयों द्वारा चुनाव की मेहंदी कार्यक्रम के तहत अपने हाथों में मतदान संबंधी कई स्लोगन लिखकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों, महिलाओं ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है।

भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 07 मई को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता रैली एवं मेहंदी कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं और में महिलाओं काफी उत्साह दिखाई दिया।



# फ्लाइंग स्क्वायड टीम प्राप्त शिकायतों पर करें त्वरित कार्यवाही-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

## सामग्री वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना जरूरी

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज फ्लाइंग स्क्वायड टीम, जीएसटी एवं स्थैतिक निगरानी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्वायड टीम नियमित कार्यवाही करते हुए रिपोर्टिंग करें। इसके साथ ही मिलने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने कहा कि जिले में निर्वाचन के मद्देनजर कैश, ज्वेलरी, शराब एवं प्रलोभन सामग्रियों का परिवहन हो सकता है, लिहाजा सभी टीमें मुश्तैदी के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। अत: बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध शराब परिवहन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा शॉपिंग साईट पर नजर रखने एवं बल्क में होने वाले डिलीवरी पर जांच के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंका का समाधान भी किया।

जीएसटी अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में एफएसटी को सी-विजिल के उपयोग करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ ही किए गए कार्यवाही को इएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) में अपडेट करने के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जांच के फलस्वरूप कैश वस्तुओं के जप्त होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित होकर अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल ने एफएसटी, एसएसटी को निर्देशित किया कि कार्य के दौरान निष्पक्षता तथा सामान्य शिष्टाचार का ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान वीडियोग्राफी सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा बड़ी रकम मिलने पर सोर्स की जानकारी ले एवं संदेह होने पर संबंधित टीम से समन्वय करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजन हेतु एसडीएम की अनुमति अनिवार्य है। फ्लाईंग स्क्वायड टीम ऐसे आयोजन में प्राप्त अनुमति की जांच सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैंकों के क्यूआर लगे कैश वाहनों के मूवमेंट को प्रभावित किए बिना जांच सुनिश्चित किया जाए।

# सारंगढ़ क्षेत्र में राधेश्याम का जनसंपर्क

## आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं-राधेश्याम राठिया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






तीन जिलों के समावेश वाले रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीद्वार बनाए जाने के बाद से ही राधेश्याम राठिया का सघन जनसंपर्क चल रहा है। प्रतिदिन चार पांच मंडलों के कई ग्रामों में जाकर जनता के बीच मोदी के विकास कार्यों का बखान राठिया कर रहे है। साथ ही प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर पार्टी के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दे रहे है। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा की मैं जनता को जनार्दन मानकर सेवा के लिए संकल्पित हूं। यह मेरा सौभाग्य है की मुझे आप जैसे देवतुल्य जनता को सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मोदी के नेतृत्व में सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए आपका जनप्रतिनिधि बनकर पूरी श्रद्धा के साथ कार्य करने के लिए मैं हमेशा वचनबद्ध रहूंगा।

### सैकड़ों महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश

सारंगढ़ क्षेत्र के बटाउपाली ग्राम में आज राधेश्याम राठिया के जनसंपर्क के दौरान ग्राम की कई महिला समितियों की सदस्यों ने मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।राधेश्याम राठिया ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार तीन विषयो को आधार मानकर काम करती है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना, देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना,देश का परचम विश्व भर में लहराना। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब मोदी की सरकार बनी तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार होगी। और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर तबके के लोगों को मिले इस दिशा में कार्य करेगी। देश की गरीब जनता के लिए प्रधानमंत्री अन्न योजना, वैक्सीन, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न योजनाओं का संचालन केंद्र की मोदी सरकार कर रही है और गरीबों को इसका लाभ भी मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों से भाजपा की सरकार लगातार गरीबों के हित के लिए और उनके उत्थान के लिए कार्य कर रही है,आज हर कोई मोदी का सिपाही बनना चाहता है आप सभी का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है। इस अवसर पर सुभाष जालान, डॉ. जवाहर नायक,शमशेर सिंह,ज्योति पटेल,अजय गोपाल,भुवन मिश्रा,दुर्गा ठाकुर, शिवकुमारी चौहान, देवकुमारी लहरे,सुजाता सिंह,पवन देवांगन,रविन्द्र पटेल,रामकुमार,सतीश शर्मा,अजय नायक,सुरेश पटेल,हरिचरण पटेल,धनीराम एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा विधानसभा कोर कमेटी एवं प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

## सक्ती विधानसभा के बाराद्वार मोहगांव की प्रबंधन समिति बैठक में पहुंची जांजगीर लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े का सघन जनसंपर्क दौरा जोरों पर है बाराद्वार मंडल के मोहगांव में जनसंपर्क के दौरान सक्ती जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमेटी एवं प्रबंधन समिति की बैठक मे भी कमलेश जांगड़े ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा इस बार हमें 400 पर करके मोदी को जिताना है और देश में फिर से कमल को खिलाना है

उनके इन शब्दों से पूरा बैठक हाल मोदी जिंदाबाद कमल छाप जिंदाबाद कमलेश जांगड़े जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। बैठक में भाजपा के लोकसभा संयोजक एवम जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कोर कमेटी एवं प्रबंधन समिति के सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव हेतु सजग एवम सक्रिय रहते हुए अपने कार्य को किस तरह से आगे बढ़ाना है इसके लिए सभी को सुझाव दिए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा रामावतार अग्रवाल लोकसभा सहसंयोजक डॉक्टर खिलावन साहू संजय रामचंद्र घनश्याम साहू राम नरेश यादव हेतराम देवांगन प्रेम पटेल गोविंद देवांगन अरुण शर्मा अंकित अग्रवाल आदित्य अग्रवाल आबिद खान संतोष राठौर डॉक्टर धीरेंद्र पहलवान दास सत्येंद्र सोनी एवं पुष्पेंद्री कसेरा आशा साव सहित मीडिया से नारायण राठौर परसन राठौर सहित भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी स्मरणानंद का जीवन आध्यात्मिक सेवा हेतु समर्पित रहा- वित्त मंत्री ओपी

* निधन पर ओपी ने शोक जताया कहा स्वामी जी योगदान आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज के दिवंगत होने का दु:खद समाचार मिलने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के वित्त मंत्री एवम रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने कहा स्वामी स्मरणानंद ने अपना पूरा जीवन अध्यात्म, दर्शन और लोक कल्याण के लिए समर्पित कर एक अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया। इस नश्वर संसार से देह त्यागने की दु:खद घड़ी उनके अनुयायियों और परिजनों के लिए असहनीय पीड़ा दाई है। स्वामी ने अपने विचारो के जरिए देश वासियों के मन मस्तिष्क पर एक अहम स्थान बनाया। आध्यामिक सेवा के लिए समर्पित उनका जीवन सफर हम सभी के लिए प्रेरणा दाई रहेगा। वित्त मंत्री चौधरी ने स्वामी के निधन को सम्पूर्ण आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति निरूपित करते हुए कहा पीड़ित मानव की सेवा के लिए उनका जीवन प्रेरणा दाई रहेगा। मानवता के मार्ग पर चलते हुए स्वामी ने पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। राम कृष्ण मठ के अध्यक्ष रहते हुए स्वामी ने अपने संकल्प का जो बीज बोया है वह वट वृक्ष बनकर वैचारिक शीतलता प्रदान करता रहे। अभूतपूर्व सेवा कार्यों के जरिए समर्पण भाव के साथ राम कृष्ण मिशन एवम मठ को स्वामी ने एक उत्कृष्ठ नेतृत्व प्रदान करते हुए नई ऊंचाईयां प्रदान की है। रामकृष्ण मठ के महान सेवा कार्यों एवम विचारो का का लाभ देश की जनता को सदैव मिलता रहे। मंत्री ओपी में श्रीहरि से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की कामना की है। ईश्वर शोक.संतप्त परिजनों व अनुयायियों को अथाह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# मेहनतकश व्यापारियों पर लांछन ना लगे, जीएसटी का सरलीकरण करें सरकार-सुशील

## चेंबर ऑफ कामर्स के होली मिलन में फिर उभरा व्यापारिक एकता और सरकारी अनदेखी का दर्द

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बुधवार शाम शहर के व्यापारी संगठन चेंबर ऑफ कामर्स जिला इकाई का होली मिलन समारोह रामबाग मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चेंबर के प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए।



**कवि सम्मेलन से गुलजार हुई शाम, सपरिवार पंहुचे व्यापारी**

समारोह के मुख्य आयोजक व चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने मंच से एक बार फिर व्यापारियों की पीड़ा जाहिर की। सुशील ने आती जाती सरकारों पर मेहनतकस व्यापारियों को टैक्सचोर साबित करने की मंशा पर सवाल उठाते हुए केन्द्र सरकार से जीएसटी में सरलीकरण की मांग की। उन्होंने प्रदेश की नवगठित सरकार के महज तीन माह के कार्यकाल के दौरान दो दर्जन से ज्यादा छापेमारी कर जीएसटी में गड़बड़ी उजागर होने की कार्रवाई का संकेतात्मक जिक्र करते हुए कहा कि जीएसटी की जटिलता आज तक व्यापारियों की समझ में नहीं आई है और सरकार उन पर कार्रवाई करते हुए व्यापारियों को टैक्सचोर बताकर देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ का मनोबल छोड़ने पर आमादा है। सुशील ने कहा कि कोई भी सरकार व्यापारिक हितों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही, जिसका एक बड़ा कारण व्यापारियों का कमजोर संगठन ढांचा है। वहीं नगर में चेंबर के दो गुट होने के प्रति निराशा जाहिर करते हुए उन्होंने व्यापारिक हितों को एकजुट होकर ही सुलझाने की जरुरत पर जोर दिया। सुशील रामदास ने अपने दो साल का रिपोर्ट कार्ड सामने रखते हुए शहर में व्यापारिक पंजीयन दोगुने से ज्यादा होने की जानकारी दी। साथ ही चेंबर की तमाम गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन में संगठन के प्रदेश महामंत्री शक्ति अग्रवाल के सहयोगी भूमिका की प्रसंशा भी की। संबोधन की अगली कड़ी में भी माईक संभालने वाले चेंबर के प्रदेश पदाधिकारियों ने भी रायगढ़ समेत अन्य जिलों में निर्वाचित संगठन के समानांतर मनोनीत संगठन को गलत बताते हुए इसे व्यापारिक हितों के प्रभावित होने वाला निर्णय बताया। निजी अर्थव्यवस्था के बूते अपने हित के लिए जूझते व्यापारियों को सभी अतिथि वक्ताओं ने छग चेंबर ऑफ कामर्स के बैनर तले एकजुट होने का आव्हान किया। होली मिलन समारोह में पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे, सुदीप भोला, कनवरलाल, दमदार बनारसी, पद्मिनी शर्मा,अमित शर्मा आदि देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने अपने काव्य पाठ और हंसगुल्लों से मौजूद श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। हाईटी के साथ चेंबर के होली मिलन का जश्न देर रात तक चलता रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के व्यापारियों व चेंबर सदस्यों ने भी भरपूर योगदान दिया?

# सीएमएचओ ने मातृ एवं शिशु अस्पताल तथा सीएचसी लोईंग का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी ने आज मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। मितानिन दवा पेटियों में आवश्यक दवा उपलब्ध कराने तथा छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सकों को अस्पताल में मरीजों के साथ तथा अन्य स्टॉफ को शालीनता पूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों- ओ.पी.डी., आई.पी.डी., दवा वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, लैब, एक्स-रे कक्ष, प्रसव कक्ष, औषधि भण्डार गृह एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा अस्पताल के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हे प्राप्त हो रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं एनीमिया से बचाव हेतु चिकित्सक के सलाह अनुसार नियमित रूप से आयरन एवं फोलिक एसिड दवा का सेवन करने हेतु कहा।

# स्व. रामकुमार अग्रवाल का जीवन जन सेवा हेतु समर्पित रहा-वित्त मंत्री ओपी

## पुण्य तिथि पर स्मरण करते हुए चौधरी ने उनके जीवन को प्रेरणा दाई बताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



1957 से 1980 तक रायगढ़ के चार बार विधायक रहे स्व.रामकुमार अग्रवाल की पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा अपने सिद्धांतो पर अड़िग रहते हुए रायगढ़ के उत्थान और जनता की सेवा के लिए पूरा जीवन समर्पित करने वाले रामकुमार का जीवन सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। 1957 से 1980 तक चार बार निर्वाचित विधायक स्वर्गीय रामकुमार 1956 से 1969 तक जनपद सभा के चेयरमेन रहे। जिला सहकारी बैंक के संस्थापक अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अग्रवाल मध्य प्रदेश रोड कॉरपोरेशन रायपुर के अध्यक्ष भी रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में रियासतों के विलीनी करण हेतु 1947 में उन्हें जेल यात्रा करनी पड़ी। 1989-90 के दौरान बतौर मैत्री संघ सदस्य सोवियत रूस की यात्रा करने वाले रामकुमार ने केलो बांध के निर्माण हेतु लंबा संघर्ष किया। दशकों पूर्व देखे गए केलो बांध के सपने को जभाजपा की सरकार ने पूरा किया। आदिवासी दलितो को मुख्य धारा से जोड़ने वे आजीवन प्रयासरत रहे।

जीवन पर्यंत जोर जुल्म के खिलाफ आम जनता के संघर्ष की आवाज बने रामकुमार जी रायगढ़ जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा के संस्थापक रहे। किसानो मजदूरो छात्रों के हित के लिए लंबी लड़ाई लड़ने वाले स्वर्गीय रामकुमार स्कूलों कॉलेजों की स्थापना के जरिए शिक्षा के प्रयास हेतु सतत प्रयत्नशील रहे। जिले की राजनीति में जन नायक के रूप में स्थापित रामकुमार जी ने जनसेवा का अनोखा मिथक स्थापित किया है।

# कलेक्टर बंगले में होली उत्सव फाग गीत की मनमोहक प्रस्तुति

## बेमेतरा जय बजरंग सेवा फाग समिति का नगाड़े के साथ फाग महोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़ -बेमेतरा।



कलेक्टर बंगला बेमेतरा में होली मिलन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर जय बजरंग सेवा फाग समिति कचहरी पारा बेमेतरा द्वारा गायक नरोत्तम साहू शिक्षक कलाकार व साथियों ने पौराणिक फाग गीत, फागुन गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें नगाड़ा वादक युवा कलाकार सोनू साहू, वासुदेव साहू व मादर वादक राम कुमार टंडन शिक्षक कलाकार के मिले-जुले आकर्षक संगीत सजाकर मनभावन पौराणिक फाग गीतों की रोचक प्रस्तुति दी गई, जिसमें सहायक गायकों में नारायण सिंह राजपूत,फेरु राम साहू, प्रभु राम साहू, डॉ गोकुल बंजारे चंदन शिक्षक कलाकार, महेश्वर श्रीवास शिक्षक कलाकार,मिलन सिंह चौहान,टेक राम साहू,हेम प्रकाश साहू, संदीप बैगा, योगेन्द्र यादव,बल्लू साहू, सहित कलाकारों ने आकर्षक फाग गीत प्रस्तुति दी,व सभी कलाकारों ने आदरणीय कलेक्टर साहब जी को होली त्योहार की शुभकामनाएं व बधाई दी, इस अवसर पर जय बजरंग सेवा फाग समिति कचहरी पारा बेमेतरा को उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने खूब सराहा गया।

# डॉ. महंत और ज्योत्सना ने खेली फूलों की होली,रायगढ़ से भी पहुंचे नेता

## कोरबा के पाटीदार भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छग विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत मंगलवार को सपत्निक कोरबा के पाटीधार भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए और सभी के साथ पुष्प होली खेलते हुए खुलकर उनको गले लगाया। इस समारोह में रायगढ़ से भी डॉण्महंत के करीबी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश मेहर,संतोष राय,पीसीसी प्रवक्ता हरेराम तिवारी भी शामिल हुए। 26 मार्च सोमवार को कोरबा के पाटीदार भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के साथ शामिल पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरणदास महंत ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर इस पर्व पर एक बार फिर खुद को आमजन का नेता साबित करते हुए रंगों के इस त्योहार को और आनन्दमय बना दिया। इस कार्यक्रम में गुलाल और लोकगीतों का जमकर धमाल हुआ। महंत दम्पत्ति का आमजन से होली मिलन कार्यक्रम एक औपचारिक कार्यक्रम न रहकर एक ऐसा आयोजन बन गया,जिसमें सारी औपचारिक मन बाधाएं टूट गईं और सब स्नेह रंग में एकाकार हो गए। डॉ.महंत,कोरवा सांसद एवं सांसद प्रत्यासी ज्योत्सना महंत व सुपुत्र सूरज महंत घंटों तक शहर वासियों के बीच रहे।

इस दौरान होली से डूबे लोकगीतों पर लोग झूमे और डॉ.महंत उनका उत्साहवर्धन करते रहे।महंत दम्पत्ति की लोकप्रियता का ऑकलन इसी बात से किया जा सकता है कि नगर के बुजुर्ग,महिलाएं,युवा और बच्चे सहित सभी डॉ.महंत और सांसद ज्योत्सना महंत के साथ फूलों की होली खेलने के लिए पाटीदार भवन में उमड़ पड़े।इस दौरान डॉ.महंत ने सादगीपूर्वक लोगों को गुलाल एवं हल्दी चंदन टीका लगाकर उनके साथ होली खेली। डॉ.महंत ने रायगढ़ से पंहुचे अपने अभिन्न राजनेताओं के आगमन पर प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी के साथ हाईटी पर राजनीतिक चर्चा भी हुई। इस मौके पर कोरबा कांग्रेस के पूर्व विधायक जयसिंह अग्रवाल,अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता विष्णु तिवारी,पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ऊषा तिवारी,महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित कई नेता भी मौजूद नजर आए। कार्यक्रम के दौरान डॉ.महंत के सादगी भरे अंदाज ने एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। होली मिलन समारोह का जश्न देर शाम तक चलता रहा।

## सान्या मल्होत्रा की मिसेज पहुंची हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, निर्माताओं ने जताई खुशी



सान्या मल्होत्रा को आखिरी बार विक्की कौशल के साथ फिल्म सैम बहादुर में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।पिछले कुछ समय से अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म मिसेज को लेकर चर्चा में हैं। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन का रीमेक है।मिसेज का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है।अब इस फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल की है। मिसेज हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चमकने को तैयार हैं।निर्माताओं ने खुशी जताते हुए लिखा, हमें यह साझा करते हुए सच से उत्साहित हैं कि सान्या मल्होत्रा अभिनीत हमारी हिंदी फिल्म मिसेज प्रतिष्ठित हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में प्रदर्शित की जाएगी।



## कम उम्र में ही त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी : हिना खान

टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता हैं में अक्षरा के किरदार से फेम पाने वाली एक्ट्रेस हिना खान ने युवा पीढ़ी को त्वचा की देखभाल करने की सलाह दी है। एक्ट्रेस ने कहा कि कम उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना बहुत जरूरी है।

बिग बॉस 11 की प्रतियोगी हिना को अक्सर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपने वर्कआउट रूटीन और स्किनकेयर टिप्स शेयर करते हुए देखा जाता है।

हाल ही में मुंबई में काया के नए क्लिनिक के लॉन्च पर हिना ने कहा, मेरा मानना है कि कम उम्र में, खासकर 20 साल की उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना महत्वपूर्ण है। जिन्होंने ऐसा नहीं किया है, उन्हें मैं बताना चाहती हूं कि मैंने 30 वर्ष के बाद ही इसकी शुरुआत की।

हिना ने कहा, मैं कई डॉक्टरों से मिली हूं और उन्होंने न केवल 20 साल की उम्र में, बल्कि 18 साल की उम्र में ही त्वचा की देखभाल शुरू करने की सलाह दी। मुंहासे और दाग-धब्बों से जूझ रहे लोगों के लिए, 18 या उससे अधिक उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल शुरू करना आवश्यक है। इसलिए मेरी सलाह है कि सही समय पर इसकी शुरूआत कर दें, आपको खुद ही परिणाम दिख जाएंगे।

हिना अगली बार अंग्रेजी और हिंदी द्विभाषी फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड में नजर आएंगी। एक्ट्रेस हाल ही में मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की हल्की सी नामक एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो में भी नजर आई थी।

## सोफिया अंसारी साड़ी पहन ढाती हैं कहर, कातिलाना हुस्न देख फैंस होते हैं घायल

सोशल मीडिया का काफी पॉपुलर चेहरा सोफिया अंसारी अपनी ग्लैमरस अदाओं के लिए जानी जाती हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपने फोटोज से फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं।



सोफिया अंसारी के एक से बढ़कर एक फोटोज फैंस को दीवाना बनाती हैं। सोफिया अंसारी कई साड़ी पहनकर फोटोशूट कराती हैं और तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती है। सोफिया अंसारी की कातिलाना हुस्न देखकर फैंस घायल होते हैं। सोफिया अंसारी की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी साड़ी वाली तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी का अंदाज को फैंस पसंद आता है। सोफिया अंसारी की साड़ी वाली तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते हैं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर फैंस प्यार भी बरसाते हैं। सोफिया अंसारी अपनी साड़ी वाली तस्वीरों में भी कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नहीं छोड़ती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज लोगों का ध्यान खींचता है। सोफिया अंसारी की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। सोफिया अंसारी के द्वारा तस्वीरें शेयर करते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सोफिया अंसारी अपने फैंस को निराश किए बिना अपनी झलक दिखाती रहती हैं। सोफिया अंसारी अलग-अलग अंदाज से साड़ी पहनती हैं। सोफिया अंसारी का हर अंदाज फैंस को अपनी तरफ आकर्षित करता है। सोफिया अंसारी की कातिलाना अदाएं फैंस को घायल कर जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी हर अदा पर दीवाने रहते हैं। सोफिया अंसारी साड़ी के अलावा कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी को इसके लिए ट्रोल होना पड़ता है।

## उर्वशी रौतेला स्टारर जेएनयू का टीजर हुआ लॉन्च, 5 अप्रैल सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




अपकमिंग फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना है। फिल्म कॉलेज स्टूडेंट्स के माध्यम से कुछ ऐसे सीरियस मुद्दों को दिखाएगी, जिसके बारे में कम ही बात हुई या सुनी गई हो। कुछ दिनों पहले फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें कहानी के सारांश की झलक नजर आ रही थी। अब मूवी का टीजर आउट कर दिया गया है।

जेएनयू फिल्म छात्र राजनीति पर आधारित है। जारी किए गए टीजर में दिखाया गया है कि दो अलग-अलग विचारधारा के छात्रों का गुट है। कोई लाल सलाम तो कोई जय श्रीराम का नारा लगाते नजर आता है। जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी में राजनीति और इससे जुड़े कई मुद्दे दिखाए गए हैं।

इस मूवी में पॉपुलर एक्टर रवि किशन पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो यूनिवर्सिटी में हुई घटनाओं का जायजा लेने वहां आते नजर आएंगे।

रवि किशन के अलावा फिल्म में बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई, बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, सिद्धार्थ बोदके, विजय राज और अतुल पांडे की एक्टिंग भी देखने को मिलेगी।

विनय शर्मा के डायरेक्शन में बनी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के टीजर पर फैंस का मिक्स रिएक्शन आया है। कुछ ने फिल्म की तारीफ की है, तो कुछ ने इसे प्रोपेगेंडा बताया है। वहीं, कुछ फैंस ने फिल्म के नाम पर ही नाराजगी जाहिर की है।

## बंगाल 1947 का ट्रेलर हुआ रिलीज, विभाजन के दर्द को बयां करेगी देवोलीना भट्टाचाजी की फिल्म




विभाजन के भयानक वक्त का सिनेमाई चित्रण करने वाली फिल्म बंगाल 1947 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. 29 मार्च को रिलीज होने वाली ये हिंदी फिल्म 1947 में भारत के विभाजन, खासकर बंगाल पर उसके असर को दर्शाएगी. ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे विभाजन के उस वक्त प्यार का रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है. फिल्म में देवोलीना भट्टाचार्जी, सोहला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लखिया और अंकुर अरमाम मुख्य भूमिकाओं में हैं. अकाशदीप लामा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के निर्माता सतीश पांडे, रिषभ पांडे और अकाशदीप लामा हैं. ये फिल्म कॉन्फेड प्रोडक्शन्स और थिंक टैंक ग्लोबल फिल्म्स के बैनर तले बनी है.

## बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन स्वतंत्र वीर सावरकर की धीमी शुरुआत, मडगांव एक्सप्रेस की नहीं चला जादू



सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों के बीच टक्कर हुई। एक ओर रणदीप हुड्डा अपनी बायोपिक फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर लेकर आए तो कुणाल खेमू की कॉमेडी से भरपूर मडगांव एक्सप्रेस रिलीज हुई।पहले दिन दोनों ही फिल्मों ने धीमी शुरुआत की तो सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई में भी गिरावट देखने को मिली।इनके अलावा फिल्म शैतान अभी भी टिकट खिड़की पर अपनी पकड़ बनाए हुए है।आइए जानते हैं कि शुक्रवार को किसने कितनी कमाई की। रणदीप ने स्वतंत्र वीर सावरकर में वीर सावरकर का किरदार निभाया है तो निर्देशन क्षेत्र में भी अपनी शुरुआत की है।फिल्म में रणदीप के शानदार अभिनय की काफी प्रशंसा हो रही है तो अमित सियाल भी बेहतरीन लगे हैं।सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं किया है और 1.15 करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में अब वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है। मडगांव एक्सप्रेस के साथ कुणाल ने भी बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की तो इसकी कहानी को भी उन्होंने ही लिखा है।इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, अविनाश तिवारी और प्रतीक गांधी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं, जिनकी कॉमिक टाइमिंग को लोग पसंद कर रहे हैं।हालांकि, इसके बावजूद भी फिल्म पहले दिन अपना जादू नहीं चला पाई है।सैकनिल्क की शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को फिल्म ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की है।

# खेल




हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग **(IPL)** में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने इतिहास रचा और 20 ओवर में 277 रन बना दिए। **IPL** के 17 साल में इससे पहले इतना बड़ा स्कोर कभी नहीं बना था। हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2013 में 263 रन बनाए थे। 278 रन के टारगेट के सामने मुंबई इंडियंस भी नहीं बिखरी, टीम ने 20 ओवर में 246 रन बना दिए। यह दूसरी पारी में **IPL** का सबसे बड़ा स्कोर रहा।

हैदराबाद-मुंबई ने खेला रिकॉर्डतोड़ मुकाबला

## IPL का सबसे बड़ा स्कोर SRH के नाम, टी-20 मैच में पहली बार बने 520+ रन; 38 सिक्स लगे

इससे पहले 2020 में राजस्थान ने 226 रन बनाए थे। मैच में कुल 523 रन बने, जो प्रोफेशनल टी-20 क्रिकेट में पहली बार ही हुआ।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे अभिषेक शर्मा ने स्क्र॥ के लिए फास्टेस्ट फिफ्टी के रिकॉर्ड को आधे घंटे के अंदर ही तोड़ दिया।

### 1. अभिषेक शर्मा ने लगाई SRH के लिए फास्टेस्ट फिफ्टी

SRH के बैटर अभिषेक शर्मा ने टीम के लिए 16 गेंद में फिफ्टी लगाई। यह SRH के लिए IPL में किसी भी बैटर की फास्टेस्ट हाफ सेंचुरी है। अभिषेक से पहले इसी मैच में ट्रैविस हेड ने 18 गेंद में 50 रन बनाकर डेविड वॉर्नर का 9 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। हालांकि, आधे घंटे से भी कम समय में अभिषेक ने हेड का रिकॉर्ड तोड़ा और SRH के लिए नया रिकॉर्ड बना दिया।



पावरप्ले में SRH के टॉप स्कोरर

| बैटर | बनाम | रन | कब |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर | KKR | 62 | 2015 |
| डेविड वॉर्नर | CSK | 59 | 2017 |
| ट्रैविस हेड | MI | 59 | 2024 |
| डेविड वॉर्नर | CSK | 56 | 2014 |
| डेविड वॉर्नर | DC | 54 | 2020 |

### 2. पावरप्ले में हेड SRH के लिए दूसरे टॉप स्कोरर

SRH के लिए एक इनिंग के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ट्रैविस हेड दूसरे नंबर पर आ गए। उन्होंने 59 रन बनाए और अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी डेविड वॉर्नर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। पहले नंबर पर भी वॉर्नर ही हैं, जिन्होंने 2017 में कोलकाता के खिलाफ पावरप्ले में 62 रन बनाए थे। टी-20 मैच में पावरप्ले यानी एक से 6 ओवर का खेल।

### 3. SRH ने IPL के पहले 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाए

SRH ने IPL इतिहास के पहले 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया। टीम ने शुरुआती 60 गेंदों पर 148 रन बनाए। टीम ने मुंबई इंडियंस का उनके खिलाफ बनाया रिकॉर्ड भी तोड़ा। साल 2021 में अबू धाबी में MI ने SRH के खिलाफ ही 131 रन बनाए थे।

हालांकि, इस मैच में MI ने फिर यह रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश की, लेकिन टीम नाकाम रही। मुंबई ने दूसरी पारी में विस्फोटक शुरुआत की और 10 ओवर में 141 रन बना दिए।

एक नजर

## तेंदुलकर ने रोहित को दी स्पेशल जर्सी

### अग्रवाल ने बाउंड्री पर छलांग लगाकर सिक्स रोका, अभिषेक की छक्के के साथ फिफ्टी; टॉप मोमेंट्स

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 8वें मैच में मुंबई इंडियंस (MI) को 31 रन से हराया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बुधवार को मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 277 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन ही बना सकी।




सचिन तेंदुलकर ने 200वां IPL मैच खेलने पर रोहित शर्मा को स्पेशल जर्सी दी। अभिषेक शर्मा ने सिक्स लगाकर हैदराबाद की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जमाया। उन्होंने 16 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। 1. सचिन ने रोहित को दी स्पेशल जर्सी

मैच से पहले पूर्व MI कप्तान रोहित शर्मा को सचिन तेंदुलकर से एक स्पेशल जर्सी मिली। रोहित मुंबई इंडियंस के लिए अपना 200वां मैच खेल रहे थे, इसीलिए तेंदुलकर ने उन्हें जर्सी गिफ्ट की। रोहित IPL के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं और वे एक दशक से अधिक समय से टीम का हिस्सा हैं। MI की स्पेशल जर्सी के पीछे रोहित के नाम के साथ 200 नंबर लिखा है।

## भारत-पाकिस्तान सीरीज की मेजानी करना चाहता है ऑस्ट्रेलिया

### पहले भी इच्छा जताई थी; बोर्ड बोला- दोनों देश चाहें तो हम तैयार

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने भारत-पाकिस्तान के बीच बाइलैट्रल सीरीज की मेजबानी करने के लिए एक बार फिर से अपनी इच्छा जाहिर की है। उनका कहना है कि अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) बाइलैट्रल सीरीज खेलने के लिए सहमत हैं तो वे मेजबानी के लिए तैयार हैं। CA ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भी ऐसी इच्छा जताई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अपने होम सीजन का शड्यूल जारी किया। इस शेड्यूल के मुताबिक इस साल नवंबर में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें ऑस्ट्रेलिया में होंगी। भारत टेस्ट सीरीज के लिए, तो पाकिस्तान वनडे और टी-20 सीरीज के लिए वहां मौजूद होगा। इसे देखते हुए ही CA ने भारत-पाक सीरीज की मेजबानी की इच्छा दोहराई है।



### CA 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) ने मंगलवार को 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी किया। इस शेड्यूल में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी शामिल है। 22 नवंबर को पर्थ में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। फिर ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट और मेलबर्न में 26 दिसंबर से चौथा टेस्ट होगा। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2025 से सिडनी में खेला जाएगा।

## विमेंस एशिया कप का शेड्यूल घोषित-भारत-पाकिस्तान मैच 21 जुलाई को; सितंबर में होना है टी-20 वर्ल्ड कप

एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने विमेंस एशिया कप का शेड्यूल घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक श्रीलंका के दम्बुला शहर में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं और दोनों के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबला 21 जुलाई को होगा।



विमेंस एशिया कप के ठीक बाद सितंबर में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप भी होना है। जिसका वेन्यू बांग्लादेश है। ऐसे में ICC टूर्नामेंट से ठीक पहले एशियन टीमों के लिए एशिया कप ही तैयारी का आखिरी मौका रहेगा।

### 8 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा

2022 में पिछला एशिया कप बांग्लादेश में खेला गया। इस दौरान 7 टीमों ने हिस्सा लिया और हर टीम ने एक-दूसरे के खिलाफ 6 मैच खेले। इस बार एक टीम बढ़ाकर टूर्नामेंट में 8 टीमें कर दी गईं। सबसे सफल टीम भारत के अलावा टूर्नामेंट में 2018 की चैंपियन बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया और UAE भी हैं।

### भारत-नेपाल के बीच होगा ओपनिंग मैच

19 जुलाई को टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच भारत और नेपाल के बीच होगा। इसी दिन पाकिस्तान का सामना UAE से होगा। चारों टीमें ग्रुप-ए में हैं। वहीं श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड ग्रुप-बी में हैं। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों नॉकआउट मुकाबले 26 जुलाई को होंगे, यहां जीतने वाली टीमों के बीच 28 जुलाई को फाइनल होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच विमेंस टी-20 फॉर्मेट में 14 मुकाबले खेले गए।

## CSK के कोच बोले- हमें बस तेज खेलना हैधोनी का बैटिंग पर नहीं उतरना स्ट्रैटजी का हिस्सा; टेबल टॉपर है चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच माइकल हसी ने कहा कि टीम की स्ट्रैटजी इस वक्त बैटिंग में तेजी से रन बनाने पर है। जो भी पिच पर जा रहा है, उन्हें पहली बॉल से अटैक ही करना है। इसीलिए गुजरात के खिलाफ शिवम दुबे और समीर रिजवी ने पहली बॉल पर ही सिक्स लगा दिया।



दूसरी ओर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक एक भी बार बैटिंग करने नहीं उतरे। इस पर हसी ने कहा कि टीम की बैटिंग में गहराई है, इसलिए धोनी को अपनी काबिलियत दिखाने का मौका नहीं मिल रहा।

CSK ने IPL में धमाकेदार आगाज किया है और अब तक टूर्नामेंट में 2 मैच जीत लिए। टीम मंगलवार को पिछले सीजन की फाइनलिस्ट गुजरात टाइटंस को मात दी। CSK 4 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है।

### इम्पैक्ट प्लेयर के कारण धोनी को नहीं मिल रही बैटिंग

बैटिंग कोच हसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हेड कोच फ्लेमिंग (स्टीफन) से चर्चा के बाद ही धोनी का बैटिंग ऑर्डर इतना नीचे किया गया। इम्पैक्ट प्लेयर रूल आने से हर टीम में एक्स्ट्रा बैटर और एक्स्ट्रा बॉलर खेलता है। बैटिंग ऑर्डर में गहराई आ गई है। इसीलिए एमएस धोनी को हमने नंबर-8 पर रखा है, धोनी इस वक्त नेट्स में अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। हसी ने आगे कहा, इतनी डीप बैटिंग होने के कारण प्लेयर्स को अटैक करने की खुली छूट दी गई है। अगर टॉप ऑर्डर बैटर को थोड़ी भी कन्फ्यूजन हो तो उन्हें बस अटैक करना है।

# आचार संहिता उल्लंघन को लेकर भाजपा ने की निर्वाचन आयोग से भूपेश बघेल की शिकायत

## भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने एवं चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने की कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-दुर्ग।

भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष आचार संहिता उल्लंघन को लेकर राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ शिकायत की गई है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने लिखित शिकायत में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल जो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित है। उन्होंने 26 मार्च 2024 मंगलवार को पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करते हुए इस आशय का सार्वजनिक बयान दिया है कि अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा। इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें।



भारतीय जनता पार्टी, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

राजेन्द्र कुमार पाध्ये
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, जिला दुर्ग
मो.नं. 9713002288, 9893431588

कार्यालय :– आपापुरा, तहसील कार्यालय के पीछे, दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001

दिनॉक – 27/03/2024

प्रति,
माननीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त
भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली

विषय :– कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने एवं चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने का प्रयास किए जाने की शिकायत।

महोदय,
छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल जो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित है, उन्होंने दिनांक 26 मार्च 2024, मंगलवार को पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करते हुए इस आशय का सार्वजनिक बयान दिया है कि अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा, इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें।

पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल ने उक्त बयान के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है, साथ ही चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने का प्रयास करते हुए पाटन क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करने के लिए अनुचित रूप से उकसाने का कार्य किया हैं। साथ ही EVM के विरुद्ध जनता को भड़काने का कृत्य करते हुए 375 से अधिक लोगों को नामांकन करने के लिए बयान देकर निर्वाचन आयोग की स्वच्छ और स्वस्थ प्रक्रिया को दूषित करने के लिए दुष्प्रेरित करने का कार्य किया है। भूपेश बघेल का उक्त कृत्य चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। भूपेश बघेल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से बाहर भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाया जाय।

शिकायतकर्ता
राजेन्द्र कुमार पाध्ये
जिला भाजपा उपाध्यक्ष
दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मोबाइल :: 9713002288, 9893431588

प्रतिलिपि :–
1. माननीय राज्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़
2. माननीय जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग, (छत्तीसगढ़)

राजेंद्र कुमार ने अपनी शिकायत में आगे कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल ने उक्त बयान के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है,

साथ ही चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने का प्रयास करते हुए पाटन क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करने के लिए अनुचित रूप से उकसाने का कार्य किया हैं। भूपेश बघेल ने ईव्हीएम के विरुद्ध जनता को भड़काने का कृत्य करते हुए 375 से अधिक लोगों को नामांकन करने के लिए बयान देकर निर्वाचन आयोग की स्वच्छ और स्वस्थ चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए दुष्प्रेरित करने का कार्य किया है। भूपेश बघेल का उक्त कृत्य चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। भूपेश बघेल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से बाहर भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाया जाय। जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने उक्त शिकायत की प्रतिलिपि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को भी सौंपी है।

## एक नजर

### एसडीएम वासु जैन ने मतदान केन्द्र और निर्वाचन प्रशिक्षण का किया अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोडम में 27 मार्च से प्रशिक्षण संचालित है, जिसमें लगभग 450 निर्वाचन कार्मिक प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन ने गोडम के मतदान केन्द्र में आवश्यक बुनियादी सुविधा सहित स्कूल के 4 कक्षा में संचालित प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया। जैन ने इस अवसर पर कहा कि सभी कार्मिक निर्वाचन की प्रक्रिया से जुड़े सभी बारीकियों को समझ ले। किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका समाधान मास्टर ट्रेनर से कर लें। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, जे आर बंजारे, एस आर अजय, टी पी चंद्रा, विधानसभा मास्टर ट्रेनर विजय महिलाने, भगवान प्रसाद आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखने, मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### एसडीएम वासु जैन ने लिया सामूहिक मतदाता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने अनुविभागीय राजस्व कार्यालय परिसर में संचालित सभी कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी के साथ सामूहिक मतदाता शपथ लिया। सभी ने शपथ किया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर सहित एसडीएमए कोषालयए तहसीलदार और पंजीयन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### फैल्ड देयक 31 मार्च तक होंगे स्वीकार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में फैल्ड हुए देयक जिनका अभी तक फैल्ड देयक तैयार कर संबंधित कोषालय/ उपकोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, वे सभी देयक 31 मार्च 2024 को शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे।

### तार मिस्त्री परीक्षा हेतु 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति विद्युत, रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2024 के माह जुलाई में आयोजित की जाएगी। संभागीय अनुज्ञापन समिति विद्युत के सचिव ने पत्र जारी कर बताया कि रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़.चिरमिरी-भरतपुर के आवेदनकर्ता परीक्षा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि.सु. एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ़ शासन रायगढ़ए दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेंगे।

## समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल ने मेडिकल कालेज अस्पताल को भेंट किया सीलिंग फैन

**कोरबा** । मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा को जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स कोरबा के संरक्षक और विख्यात समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने पांच नग सीलिंग फैन भेंट किया। इनका उपयोग अस्पताल में मरीजों की भर्ती के लिए बढ़ाये जा रहे वार्ड में किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, एम. एस. डॉ. गोपाल कंवर और डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. रविकांत जाटवर ने संयुक्त रूप से यह भेंट स्वीकार किया। डॉ. रविकांत जाटवर ने बताया कि मेडिकल कालेज अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होने के कारण जरूरतमंद मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रतिदिन लगभग 800 लोग उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले मरीजों की संख्या में भी भारी वृद्धि हो रही है, जिसे देखते हुए वार्डों में इजाफा किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया जा सके। इस दृष्टि से अस्पताल में बढ़ाई जा रही सुविधाओं में शासन के स्तर पर दी जा रही सहायता के अतिरिक्त, अगर नगर के समाजसेवी आगे बढ़कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते हैं, तो अस्पताल का विस्तार करने में सुविधा होगी।

## श्याम लाल यादव का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुई विलीन,अंतिम यात्रा में शामिल रहे लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



सामाजिक कार्यकर्ता श्याम लाल यादव दादर निवासी कोरबा की अंतिम यात्रा में यादव समाज, परिजन, एवं मित्रगण सभी भारी संख्या में शामिल हुए। दादर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पार्थिव देह को मुखाग्नि उनके भाई के पुत्र भतीजा द्वारा दी गई। उनकी पांच पुत्रियां है अंतिम संस्कार में यादव समाज और सभी उपस्थित जनों द्वारा मृतात्मा की शांति और मोक्ष के लिए मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भावभीनी बिदाई के साथ समाज हित में किए गए स्व. श्याम लाल यादव के सहयोग और कार्यों को स्मरण किया गया। यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ के संरक्षक मनहरण यादव ने भावुक स्वर में समाज सेवा के लिए श्याम लाल का योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे संघर्ष शील और सक्रिय सदस्यों का जाना यादव समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। समाज इन्हें नमन करता है। और इन्हें सदैव स्मरण रखा जायेगा। शोक सभा में अपने उद्बोधन में यादव समाज के राजा यादव ने भी श्याम लाल यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यादव जी के साथ समाज सेवा में लंबे समय साथ रहने का अवसर मिला यादव समाज की एकता और विकास के लिए चिंतन करने वाले और समाज में जागरूकता लाने वाले श्याम लाल एक मिलनसार, सहयोगी, संघर्षशील, और संवेदनशील व्यक्ति थे। इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। आज वे हमारे बीच नहीं रहे पर उनका मार्गदर्शन हमे सदैव प्रेरणा देता रहेगा वे यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ के आजीवन सदस्य हैं। उनका स्थान और नाम समाज में आदर सूचक रहेगा। हम समाज की ओर से उन्हें भावभीनी विनम्र अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं की वे अपने श्री चरणों में स्थान देवे।

# जिले के बसों में बीजेपी पार्टी के प्रचार-प्रसार जोरों पर

## संपति विरुपण पर जिला प्रशासन फेल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को प्रेस कॉन्फ्रें स आयोजित कर लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी जिले में प्रभाशील हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों, जनपद मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों के सभी शासकीय भवनों से संपत्ति विरूपण पर टीम द्वारा कार्यवाही किया जाना है। इसके तहत सभी शासकीय भवनों सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर, हॉर्डिंग्स, फ्लेक्स, झंडा, पोस्टर आदि को हटाने का काम निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही दीवार लेखन को भी मिटाने का सख्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता प्रभावी होने के 48 घंटे के अंदर सभी शासकीय भवनों सेए 72 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों से तथा निजी भवनों से 96 घंटे के अंदर संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही पूरा करना है। साथ ही आचार सहिता लगते हीं पुरा प्रशासन मुस्तैदी से शांतिर्पूण चुनाव सम्पन कराने जुटा हुआ है। इसी तारतम्य में वाहनों की सघन




चेकिंग अवैध तरीके से शराब, पैसे, प्रचार समाग्री आदि का परिवहन करते वाहनों पर कार्यवाही किया जा रहा है, समस्त शासकीय सम्पत्तियों जैसे भवन, खम्भे आदि से राजनितिक पोस्टरए बैनरए झंडेए फ्लेक्स हटाने, दीवारों पर शासन की योजनाओं का प्रचार कों पुतवाने का कार्य कई जगहों पर हों चुका है लेकिन लगातार शासकीय नियमों की अवहेलना एवं लापवाही के चलते जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतो में अव्यवस्था का आलम व्याप्त है। परन्तु जिले के ग्रामीण एवं शहर में घर दुकान के दीवारों पर बड़े-बड़े राजनीतिक प्रचार-प्रसार वाले लेखन आज भी नियम कायदों की धज्जी उड़ाते हुए दिखाई दे रहें है। इस प्रकार से आदर्श आचार सहिता का उल्लंघन जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी के सह में अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा धज्जिया उड़ा रहे है जिले के क्षेत्रो के गांवो में आचार सहिता का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है आदेशों को पालन कराने मे आरओ एवं अधिकारी नहीं करा पा रहे है। जिले मे बेखौफ होकर बसों मे बीजेपी के बैनर चिपके हुए दिख रहे है मानो बस चालकों के आचार संहिता की जानकारी ही नहीं है एवं सम्बंधितो द्वारा स्पष्ट लापरवाही को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पहले विधानसभा निर्वाचन के दौरान संपत्ति विरूपण लापरवाही बरतने वाले लगभग 30 कर्मचारीयों पर कार्यवाही हुई थी। अब देखने वाली बात होंगी कि प्रशासन लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियो पर किस प्रकार कार्यवाही सुनिश्चित करती है या फि र लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो की पीठ थपथपाते हैं।

## व्यक्ति को मछली मांगना पड़ा महंगा, 3 लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

सिंघनपुर के धूजराम वारे नदी किनारे अपने खेत को देखने गए थे। उसी बीच उसने देखा कि इन्हीं के गांव के तिजाऊ निराला, जय प्रकाश निराला,गिरजा निराला पिता तीजाऊ निराला ये तीनों पिता पुत्र हैं जो कि धुजराम के खेत में भरे पानी से मछली पकड़ रहे थे और बिना पूछे ही इनकी खेत में मछली पालन कर रहे थे। धुजराम ने इनको कहा की मेरे खेत में बिना मेरे से पूछे मछली पालन कर रहे हो मुझे भी आधा एक किलो मछली देना। इतने बोलते ही तीनों भड़क गए और गन्दी गन्दी गालियां देते हुए मारपीट कर दी और इन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने प्रार्थी ने जब थाना कोसीर गए तो पीड़ित को एक प्रधान आरक्षक ने थाना प्रभारी बाहर गए हैं कहकर टालमटोल कर रहे थे। जब कोसीर के थाना प्रभारी से जब हमने घटना के बारे में बताया तो मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए प्रार्थी का मुलाहिजा कराकर आरोपीयों के विरुद्ध 294,506,323,34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इस मारपीट से धुजराम के बाएं कान, जबड़ा,दाहिने गर्दन और बाएं हाथ के भुजा में चोटे आई है। इधर जैसे ही मामला पंजीबद्ध हुआ इसके दूसरे दिन सुबह 28 मार्च को इन मोबाइल नंबरों 8354032229,9109419242, 7470969792,8989931554 से प्रार्थी के



मोबाइल पर आरोपियों पर कार्यवाही के नाम पर रकम की डिमांड किया जा रहा था रकम नहीं देने पर गाली गलौज भी कर रहे थे। कोई कह रहा था एसपी कार्यालय सारंगढ़ से बोल रहे हैं तो कोई एसडीओपी कार्यालय से बोल रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जैसे ही मामला पंजीबद्ध होता है सारे डिटेल ऑनलाइन हो जाता है जिस पर कई ठग गिरोह की नजर पड जाती है और लोगों को ठगी के शिकार बनाने कॉल करते हैं ऐसे नम्बरों से सावधान रहने की आवश्यकता बताई जा रही है। इस संदर्भ में कोसीर थाना प्रभारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि मारपीट के आरोपियां के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है मुलाहिजा रिपोर्ट के बाद और धाराएं जोड़ी जा सकती है।

## फरार महाठग शिवा क्या अपने ही घर के तह खाने में छुपा है, शिवा को ढूंढने सायबर सेल नाकाम साबित हुए

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



सरसीवा पुलिस पिछले एक सप्ताह से रायकोना गांव के फरार महाठग शिवा साहू पिता टीकराम साहू की सघन खोजबीन कर रही है। इसी बीच कईयों का कहना है कि शिवा अपने ही घर के तहखाने में छुपा हुआ है जो यह जांच का विषय बन गया है। पुलिस जिस तरह से सायबर सेल की मदद से शिवा की सघन खोजबीन कर रही है और उसका सुराग तक नहीं मिल रहा है इससे लगता है कि वाकई में शिवा अपने घर के तहखाने में छुपा हुआ हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक जिनके पास करोड़ों की संपत्ति होती है वह निश्चित ही तहखाने बनाकर ऐसा छुप सकता है और पुलिस को चकमा देने और पुलिस को भटकाने की मकसद से अपने मोबाइल को किसी उसके अन्य निजी व्यक्ति को देकर किसी लोकेशन में जाकर ऑन ऑफ करता हो इससे पुलिस को लगे कि शिवा का लोकेशन 400 किमी दूर बता रहा। कुछ भी कहें लेकिन 23 साल के इस शिवा ने सरसीवा पुलिस को चकमा देने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। इसके मामले को पुलिस विभाग के 23 साल के अनुभवी आला अधिकारी देख रहे हैं फिर भी शिवा अब तक फरार है जो पुलिस विभाग के कार्यों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सूत्रों से आई इस खबर में कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है कि क्या वाकई में शिवा किसी तहखाने में छुपा हुआ है।

आपको बता दें कि शिवा का यह मामला हाई प्रोफाइल बन गया है साथ ही टालीवुड के विलेन से कोई कम भी नहीं लग रहा है। पुलिस के साथ-साथ सायबर सेल को भी चकमा देने में माहिर हो चुका है। होली पर्व पर किसी बात को लेकर शिवा और उसके एक साथी ने उसके ही गांव के युवक पर पिस्टल की नोंक पर जान से मारने की धमकी दी है जिसकी रिपोर्ट भी थाना सरसीवा में कि गई है।

शिवा का रायकोना गांव में अचानक आकर यह कृत्य कर जाना और गायब हो जाना गले से नीचे नहीं उतर रहा है इससे जाहिर होता है कि शिवा यहीं कहीं किसी के घर में या तह खाने में रायकोना के आसपास क्षेत्र में ही छुपा हुआ है जो दूसरे के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर पुलिस के छक्के छुड़ा रहा है। इस विषय पर सरसीवा थाना प्रभारी टी.आर. खटकर ने कहा कि सायबर सेल के साथ-साथ हमारी पुलिस टीम दिन रात शिवा को पकड़ने में जुटी हुई है शिवा साहू जल्द ही पकड़ा जाएगा।

## बिलासपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने किया कोटा विधानसभा के रतनपुर मंडल में सघन जनसंपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



भाजपा के बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार तोखन साहू ने गुरुवार को विधानसभा कोटा के रतनपुर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभा और जनसंपर्क कर जनता से समर्थन मांगा। रतनपुर तुलजा भवानी से होते हुए करैहापारा,नया बस स्टैंड महामाया चौक, बड़ी बाजार, भेड़ीमुडा, पुराना बस स्टैंड होते हुए सभी गली में मतदाताओं के बीच जा जाकर मतदाताओं से समर्थन मांगा और भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की साथ ही लोगों को मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों से साझा करते हुए कहा कि नारी की सुरक्षा,सम्मान और उन्नति के लिए सबसे ज्यादा कार्य पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने सदन में नारी शक्ति वंदनअधिनियम बिल लाया,उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदीएजैसी अनेक योजनाएं मातृ शक्ति को समर्पित किए हैं। इस कारण लोगों को पीएम मोदी की गांरटी पर भरोसा है।

इस दौरान भाजपा के सांसद प्रत्याशी तोखन साहू सहित जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान,विधानसभा प्रभारी पवन गर्ग,प्रदेश कार्य समिति सदस्य लवकुश कश्यप,नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, जिला महामंत्री मोहित जायसवाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष कन्हैया यादव,मंडल अध्यक्ष तीरिथ यादव,महामंत्री रोहिणी बसवाड़े,संतोष तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कश्यप, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजू दास मानिकपुरी,महामंत्री हर्ष पटेल,ज्वाला कौशिक,दीपेश जलकारे, डॉक्टर सुनील जायसवाल,रविंद्र दुबेएसंजय साहू समाजसेवी, प्रभु नाथ,अजय महावर, वासित अली, प्रेमाशु तिवारी,सुधाकर तंबोली,शत्रुघ्न सूर्यवंशी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सविता धीवर,नीतू सिंह क्षत्री पार्षद,सावित्री रात्रे,उषा चौहान, सरिता कमल सेन, सुरेखा कश्यप इत्यादि सहित बड़ी संख्या में रतनपुर मंडल जिला के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एन.एच. 130 सी ठेकेदार की जेसीबी ने छीनी गौरी की हंसती-खेलती जिंदगी

## अपाहिज मां और बीमार पिता की जिम्मेदारी सम्हाल रही बिन विहाई बेटी

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

एन.एच. 130 सी सड़क निर्माण में लगे जेसीबी ने सोनामुंदी के गौरीबाई पाडे की हंसती खेलती जिंदगी को बर्बाद कर दिया। 14 अगस्त सावन के सोमवार का वो काल का दिन था जब गौरी ओडिशा के संधीकुलियारी के प्रसिद्ध शिव मंदिर से पुजा कर लौट रही थी तब एन एच 130 सी के मदांगमुडा से देवभोग सीमा तक बन रहे सड़क में निर्माण में लगी जेसीबी ने देवभोग कालेज के समीप उसे चपेट में ले लिया। यह घटना जेसीबी चालक के लापरवाही से घटित हुआ था। जिसमें गरीब गौरी बाई पांडे ने अपने पैर खो दिये इस घटना के बाद गौरी का परिवार मानो तब से भूखमरी का दंश झेल रहा है और गौरी अब तक दर्द से कराह रही है।









### बिन विहाई पुत्री पर बीमार बाप और अपाहिज मां की जिम्मेदारी

गौरी का पति दुर्जन पाडे लम्बे समय से बीमार है उसकी देखभाल दवाई पानी और परिवार का पेट गौरी और उसके पुत्री के मजदूरी से जैसे-तैसे चल जाता था पर जब से एन एच 130 सी सड़क में लगे जेसीबी ने गौरी को अपाहिज कर दिया तब से 32 वर्षीय बिन विहाई पुत्री सत्यवती पर परिवार की जिम्मेदारी आ गया है।

### ठेकेदार के लोगों ने रिपोर्ट ना करने के एवज में अच्छी इलाज और भरण पोषण का दिलाया था भरोसा

घटना घटित होने के बाद ठेकेदार के पेंटी कांट्रेक्टर या मुंशी राज अग्रवाल ने परिजन को गौरी के अच्छे इलाज का भरोसा दिलाया था अच्छे इलाज और भरण पोषण के झांसे में लेकर घटना की थाने में शिकायत भी नहीं करने दी इलाज और देखरेख के भरोसे में गौरी की पुत्री सत्यवती पांडे थाने में इसकी शिकायत नहीं कर सकी। कुछ दिन भरोसे में बीत गये ना तो ठेकेदार के मुंशी ने इलाज कराया और ना ही ठेकेदार ने कोई सुध ली। गौरी अपाहिज होने के दर्द झेल रही है और उसकी पुत्री सत्यवती को मां बाप के सेवा के साथ मजदूरी कर जैसे-तैसे परिवार चलाना पड़ रहा है।

### धान की अंतर राशि से चुकाया कर्जा अब गुजर बसर के लाले पड़े

सोनामुंदी में गौरी के पास दो एकड़ की खेत है उसने बियालीस क्विंटल धान बेचे थे जिसका अंतर राशि लगभग 30 हजार रुपए हिल ही में जमा हुये ये रूपये भी पहले से इलाज और भरण पोषण के लिये लिये कर्ज चुकाने में चला गया अब कुछ हाथ में बचा नहीं जिसके चलते गौरी और उसके बिन विहाई पुत्री के सामने गुजर बसर की बडी समस्या बन गयी है। इधर सरकार की गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 35 किलो राशन मिल जाता है जो एक सहारे का काम करता है।

### मां-बाप की सेवा के लिये बेटी ने छोड़ी अपनी खुशी

गौरी की 32 वर्षीय बिन विहाई पुत्री सत्यवती बताती है वो शादी कर भी लेती पर बीमार बाप और अपाहिज मां की सेवा के लिये उसने अपनी खुशी का त्याग कर दिया है। अगर सड़क ठेकेदार का जेसीबी गौरी को अपाहिज ना कर देता तो शायद अब तक वो घर बसा लेती। इस प्रकार ठेकेदार के जेसीबी चालक के लापरवाही ने गौरी के परिवार को खुशी छीन ली।

## एक नजर

### एसडीएम ने अनुपस्थित प्रधान पाठक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश




जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी विकासखंड बेरला सुश्री पिंकी मनहर ने मतदान केंद्र एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरदी का निरीक्षण किया गया। स्कूल में प्रधान पाठक अनुपस्थित थे। स्कूल के बच्चों ने बताया कि उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों की कक्षाएं भी नहीं लेते है। संबंधित प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। सुश्री पिंकी ने स्कूल की जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों से पढ़ाई लिखाई आदि की बारे में पूछा। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु माध्यमिक शाला हरदी में मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय में रनिंग वॉटर, पेयजल,बिजली आदि व्यवस्था भी देखी।

### जहां वोट प्रतिशत कम वहां स्थानीय प्रशासन ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।




मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बीते बुधवार को गरियाबंद के कलेक्टर और जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने देवभोग के बस्ती पारा में मतदाता जागरूकता रैली निकाला।गत चुनाव में इस बुथ मतदान का प्रतिशत कम रहा है।स्थानीय निर्वाचन शाखा में मतदान अभियान में लगे अधिकारी और कर्मचारी वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिये पुरजोर कोशिश में लगे हैं। मतदाता जागरूकता रैली में महिला स्व.सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं शामिल हुये। ब्लाक के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हितेश पिस्दा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि सिंह सोनवानी तहसीलदार सुशील कुमार भोई आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी में जुट गये है वहीं बुधवार के मतदाता जागरूकता रैली में तकनिकी सहायक खुबलाल ध्रुव,उपासना ध्रुव,योगेश सेन सहित भुनेश्वरी सिन्हा ने नेतृत्व किया। वही लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय निर्वाचन शाखा का लगातार बैठक का दौर चल रहा है।

### 29 से 31 मार्च अवकाश दिवस में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य (मुद्रांक एवं पंजीयन)आय शासन को अधिक से अधिक राजस्व प्रदाय करने के उद्देश्य से 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्य करने हेतु निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत एनजीडीआरएस प्रणाली से पंजीयन कार्य हो रहा है। इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में दिनांक 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है। किन्तु अचल संपत्ति के खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा का सामना नही करना पड़े इसके लिए राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय वर्षान्त के अवकाश दिवसों 29 से 31 मार्च में भी खुले रहेंगे। पंजीयन के लिए पक्षकारों को स्टाम्प प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए ई-स्टाम्प काउंटर भी अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। मार्च माह में 16 मार्च के उपरान्त सभी शनिवार एवं रविवार को भी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन कार्य होने से पक्षकारों को सुविधा हुई है। मार्च माह में प्रतिवर्ष सर्वाधिक दस्तावेजों का पंजीयन होता है। आम दिनों की अपेक्षा प्रतिदिन लगभग दो से तीन गुना दस्तावेज पंजीयन के लिए प्रस्तुत होते है, इसे ध्यान में रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह में प्रतिदिन निर्धारित अपाईन्टमेंट की सीमा में भी वृद्धि करते हुए प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपाईन्टमेंट की सुविधा प्रदान की गई है। सामान्य दिवस में 5 बजे तक का ही अपाईन्टमेंट होता है। अवकाश दिवस में पंजीयन कार्य होने से वित्तीय वर्ष में ही पंजीयन कराने के इच्छुक पक्षकारों को सुविधा होने के साथ ही विभाग को प्राप्त होने वाले राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# होली के रंग में डूबा गोहरापदर,उत्साह से सराबोर नगरवासी झूम उठे

## धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-गोहरापदर।

होली का त्योहार पूरे देश भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गयाण्तो इस पावन पर्व गोहरापदर नगर में रंगोत्सव पर नगर वासी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सभी से मिले और एक दूसरे को बधाईयां दीण्गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए ग्राम पुजारी देवीसिंह नेताम,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, पूर्व सरपंच मेघराम बघेल, दीनाराम साहू,नरसिंग यादव, भूषण तिवारी,उपसरपंच अल्तमश खां,प्रेमसिंह यादव तुकाराम पांडे,लक्ष्मीनारायण यदु,जगतराम यादव ग्राम की देवी देवताओं के मंदिर में पहुंच कर आशीर्वाद लेकर ग्रामीणों से मिलते होली की बधाई देते हुए शिव मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर बजरंग चौक में होली मिलन हुआ। जहां सभी ने रंग लगाकर बधाई दीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने सभी को मिठाई खिलाई,उन्होंने बधाई संदेश दिया। ग्राम के युवक उत्साह में डूबे रहेण्बड़ों का आशीर्वाद लेकर रंग गुलाल लगाते हुए उल्लास से पर्व मनाया गया। गाजे बाजे की धुन में सभी नवयुवक थिरकते रहे।





# शिवा साहू के एजेंट के खिलाफ लामबंद हुए पत्रकार, कृष्णा ट्रांजेक्शन और चल संपत्ति की जांच की मांग

## कृष्ण कुमार निराला के खिलाफ जांच और कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ के हरदी निवासी तथा केके ढाबा के संचालक कृष्ण कुमार निराला के तार महाठग शिवा साहू से जुड़े होने का संदेह व्यक्त करते हुए पत्रकारों ने पुलिस कप्तान पुष्कर शर्मा से मुलाकात किया तथा इस संबंध में जांच एवं दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही संबंधी ज्ञापन सौंपा। बताया जा रहा है कि शिवा शाहू के कथित एजेंट मिथिलेश साहू द्वारा उक्त ठगी कांड में कृष्ण कुमार निराला पिता देवप्रसाद निराला उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग का भी मुख्य भूमिका होना बताकर सारंगढ़ क्षेत्र में एजेंट के रूप में कार्य कर शिवा साहू के साथ ऑनलाईन ट्रांजेक्शन एवं नगदी संव्यवहार के माध्यम से लेनदेन करने की जानकारी दिया,



जिस पर सारंगढ़ के मीडियाकर्मी में मेघनाथ भारती उर्फ राहुल निवासी ग्राम ग्वालिनडीह तहसील सारंगढ़ एवं दिनेश जोल्हे निवासी ग्राम हिर्री अपने निवासगृह जाने के दरम्यान रास्ते में ही कृष्ण कुमार निराला के केके ढाबा/फैमिली रेस्टोरेंट शाम लगभग 07:30 बजे पहुंचे, जहां कृष्ण कुमार निराला से उनका भी पक्ष जानने हेतु सवाल किये जिससे कृष्णा कुमार निराला आवेश में आकर मेघनाथ भारती उर्फ राहुल एवं दिनेश जोल्हे को अपशब्द एवं बुराभला कहते हुये देख लेने एवं अपनी पहुंच ऊपर तक होने की बातें करते हुये झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगा।

जबकि पत्रकारों ने कृष्णा का पक्ष जानने के लिए कई दफा दूरभाष के माध्यम से संपर्क भी किया गया। लेकिन वर्जन नहीं मिल पाया। वही पत्रकारों ने पुलिस कप्तान को बताया कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ है कि कृष्ण कुमार निराला द्वारा क्षेत्र के कई भोले-भाले लोगों को ऊंची ब्याज देने व रकम दोगुना करने का झूठा आश्वासन देकर ठगी किया है। तथा शिवा साहू से व्यक्तिगत्त एवं मोवाईल के माध्यम से संपर्क में रहा है व शिवा साहू और उनके सहयोगियों से करोड़ों रूपये की लेनदेन अपने व परिवारवालों के नाम से संचालित खाता के माध्यम से भी किया है। शिवा साहू को एजेंट के रूप में कार्य करने के पश्चात् से कृष्ण कुमार निराला आय से अधिक रूपये का एकाएक बेनामी लेनदेन किया है। जिससे स्पष्ट है कि कृष्ण कुमार निराला की भूमिका पूर्णतः संदेह के घेरे में है, जिसके विरुद्ध जांच टीम गठित किया जाकर शिवा साहू के संपर्क में रहकर अवैध लेनदेन करने के संबंध में कृष्ण कुमार निराला व उनके परिवारवालों के नाम से विभिन्न बैंको में संचालित खाता में हुये लेनदेन का निष्पक्ष जांच करते हुये उचित दण्डात्मक कार्यवाही किया जाये।

# धूमधाम से मनाया गया होली पर्व, लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

होली का पर्व शहर में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। होली के दिन सुबह से ही हर वर्ग के लोग अपने अपने घरों से निकल होली के रंगों में जमकर आनंद उठाते हुए नजर आए हर मोहल्ले में होली के गीत बज रहे थे और लोग अपने अपने तरीके से इस पर्व को मना रहे थे। पुरातन परम्पराओं के अनुसार नगर में इस बार भी अलग-अलग जगह होलिका दहन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से टाउन हॉल मैंदान में सभी नगरवासियों ने भक्त प्रहलाद का जयकारा करते हुए भगवान से खरसिया नगर की सुख समृद्धि की मंगल कामना की तो वही दिन भर नगर की महिलाओं और बच्चों का उत्साह भी खरसिया के टाउनहॉल मैदान में देखने को मिल रहा था नगर की महिलाओं द्वारा गोबर से बने कंडे और माला नुमा आकार के कंडे को चढ़ाया गया। विदित हो कि होली पर्व को लेकर सप्ताह भर पहले से ही शहर में रंग पिचकारी की दुकानें सज चुकी थी शहर के मुख्य मोहल्लों में होलिका दहन की भी तैयारी हो चुकी थी और होलिका दहन के दिन सुबह से ही महिलाएं पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रही थी इसके बाद रात करीब 11 बजे होलिका दहन किया गया फिर अगली सुबह से लोगों के द्वारा बड़ी धूमधाम से होली का त्यौहार मनाना शुरू हो गया सुबह से हर मोहल्लों में लोग होली के रंग में नजर आ रहे थे तो कई मोहल्लों में होली पर्व मनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई थी ऐसे में पूरा शहर होली के रंगों में डूब गया था वहीं इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए खरसिया पुलिस के द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी और नगरवासियों ने शांतिपूर्ण ढ़ंग से रंगों और उल्लास के इस पर्व को मनाया।



### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

रंगों के इस महापर्व के दिन नगर में अनेक स्थानों पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया था जिसमे प्रमुख रूप से शिव परिवार के द्वारा शिव मंदिर में, नारायण चक्रधारी के द्वारा अपने निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमे मित्रों, परिजनों, इष्टमित्रों तथा मोहल्लेवासियों ने जलपान का आनंद लिया तथा एक दूसरे को होली की बधाइयां दी। वहीं नगर की धार्मिक संस्था शिव परिवार, श्याम कुटुंब तथा गायत्री परिवार के द्वारा शिव मंदिर, श्याम मंदिर तथा गायत्री मंदिर में भक्तों के द्वारा सूखे रंगों तथा फूलों से होली खेली गई।

# तीन गांव तीन परम्परा कहीं यज्ञ के राख तो कहीं गुलाल अबीर से खेली जाती सूखी होली

## गांव में मांस मदिरा की नहीं होती छुट भजन पूजन संकीर्तन गांव की बन गयी पहचान

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

गरियाबंद का तीन गांव ऐसा जहां होली पर हुड़दंग नहीं होता गांव में होली के तीन दिन पहले से मांस मदिरे पर प्रतिबंध लग जाता है ये कोई सरकारी आदेश से नहीं होता बल्कि गांव का अपना फैसला होता है।

गांव के बुजुर्ग से लेकर युवा तक इस फैसले का परिपालन कर गांव में सनातन का अलख जगाते हैं।





### गांव-कांडसर

मैनपुर के कांडसर जहां बाबा उदयनाथ का आश्रम है यहां 18 वर्षो से बाबा गौशाला भी चलाते हैं बाबा के चार हजार से अधिक अनुयायी है और इन 18 वर्षो से विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ की एक परम्परा चली आ रही है इस यज्ञ में हर साल गौमाता मुख्य अतिथि तो वहीं अलग अलग वर्षों में अलग अलग जीव जन्तु अतिथि बनाये जाते है फिर यज्ञ के पांचवें दिन समापन होली के दिन होता है और इसी दिन यज्ञ के भभूत से होली खेली जाती है।

### सीनापाली

देवभोग का सीनापाली गांव सुखी होली खेलने को लेकर क्षेत्रभर में अपनी पहचान बनाया है। यहां भी होली के तीन दिन पहले से गांव में संकीर्तन अर्थात अर्थात अष्ट प्रहरी का आयोजन होता है गांव में मांस मदिरा सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध होता है संकीर्तन के समापन के दिन होली के अवसर पर अबीर गुलाल से सुखी होली यहां की 35 वर्षों की परम्परा बन गयी है। गांव के बुजुर्ग पटेल, शंकरलाल सोनी, सुधीर अग्रवाल,इस प्रकार के आयोजन को लेकर कहते हैं गांव में 35 वर्ष पहले होली के अवसर पर हुड़दंग, मारपीट और अन्य आपराधिक घटनाएं घटित होता था तब से पहले के बुजुर्गो ने गांव में संकीर्तन के धार्मिक आयोजन कराकर एक अनोखी परम्परा को चलाया जो अब तक चल रहा है।

### खजुरपदर

*मैनपुर के खजुरपदर गांव भी मदिरा सेवन के नाम से बदनाम से क्षेत्र में जाना जाता था। होली पर हुड़दंग ना हो आपराधिक गतिविधियां ना हो ऐसा कभी ना होता था पर गांव के बुजुर्ग और पढ़ें लिखे युवकों ने इसमें सुधार लाने एक मुहिम छेड़ा जिससे यहां आपराधिक गतिविधियां कम हो गयी। और गांव में होली पर हुड़दंग भी नहीं होता।वही इस गांव के आदिवासी लोग आज भी पलंग या खाट पर नही सोते वो इसलिये की जो भी पलंग या खाट पर सोया है उसके घर विपत्तियो का अंबार होता है ।*





**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

क्रमांक /127/अ.वि.अ./वचक 02/2024

लैलूंगा दिनांक 05/02/2024

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ अ-2/2024

ग्राम लैलूंगा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. लैलूंगा

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मित्रा उपाध्याय पति सवेन्द्र उपाध्याय जाति ब्राम्हण निवासी लैलूंगा तहसील लैलूंगा जिला-रायगढ़ के द्वारा भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम लैलूंगा प.ह.न. 37 तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 265/12/क रकबा 0.047 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन हेतु अनुमती चाही गयी है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 29.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया

सिल

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा जिला रायगढ़**

# नावापारा पंचायत में निजी व्यक्ति ले रहा शासकीय भूमि पर लगे टावर का किराया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ विकास खण्ड के नावापारा पंचायत में एक से एक मामला सामने आ रहा है। इस पंचायत में शासकीय भूमि का खुलकर दुरूपयोग करने का मामला आये रहा है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

चाहे शासकीय भूमि को लीज में लेकर बैंक को किराये में देने का मामला हो या फिर शासकीय भूमि पर लगे मोबाईल टावर का किराया निजी व्यक्ति द्वारा लेने का मामला हो ऐसा तो नावापारा पंचायत के लिए आम बात हो गया है। नावापारा में कॉम्प्लेक्स के पीछे मोबाईल के कई टावर लगे हैं। बताया जा रहा है कि इस मोबाईल टावर का किराया नावापारा का एक व्यवसायिक ले रहा है। सूत्रों से पता चला की मोबाईल टावर लगते समय मोबाईल कंपनी को निजी भूमि का नक्शा, खसरा दिया गया था और मोबाईल टावर को शासकीय भूमि पर लगाया गया, शासकीय भूमि पर लगने के बाद भी वर्षों से नावापारा का एक व्यक्ति मोबाईल कंपनी से हर माह किराया ले रहा है। लेकिन व्यवसायिक द्वारा लिए जा रहे अवैध तरीके के किराये पर ना तो पंचायत ने कभी आपत्ति की और ना ही स्थानीय प्रशासन ने। छाल तहसीदार को चाहिए कि ऐसे मामलों पर स्वयं संज्ञान लेकर राजस्व क्षति पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें।

## क्या कहते हैं पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव!

* नावापारा पंचायत में लगे मोबाईल टावर के संबंध में हमारे द्वारा जब हल्का पटवारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि एक बार फिर से नाप करवा लेते हैं उसके बाद ही पता चल पायेगा मोबाईल टावर किस जमीन पर लगा है, ऐसा तो सूनने को मिला है कि शासकीय भूमि पर ही टावर लगे हैं और उसका किराया कोई अग्रवाल ले रहे हैं।

**नारायण राठिया हल्का पटवारी**

* ग्राम पंचायत के उपसरपंच ने बताया कि मोबाईल टावर शासकीय भूमि पर है कि निजी भूमि पर ये बता पाना मुश्किल हो रहा है, हम लोगों द्वारा कई बार नाप किया गया है जब हम लोग नाप करवाते हैं तो मोबाईल टावर शासकीय भूमि पर लगा हुआ मिलता है। लेकिन जब सेठ अपना जमीन की नाप करवाते हैं तो मोबाईल टावर सेठ के निजी भूमि पर लगा हुआ मिलता है। इसलिए पंचायत इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं।

**दिलीप सारथी उपसरपंच ग्राम पंचायत नावापारा**

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव से बात करने पर बताया कि मैं अभी दो-तीन माह ही हुआ है इस पंचायत में आया हूं, इस संबंध में मेरे को पूरी तरह से जानकारी नहीं हैं, मैं पटवारी से जमीन का नाप करवा कर तहसीलदार साहब के पास प्रतिवेदन भेज दूंगा।

**- धीरेन्द्र गबेल सचिव ग्राम पंचायत नावापारा**

# भोगल के नेतृत्व में भाजपा पश्चिम मंडल की होली मिलन समारोह संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल में होली के अवसर पर अजीत सिंह भोगल मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा महिला मोर्चा सहित कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी संप्रदाय के कार्यकर्ताओं के साथ नाचते गाते हुए उमंग व उत्साह के साथ आपस में अबीर गुलाल लगाते हुए होली मिलन का कार्यक्रम किया गया।



इस अवसर पर अजीत सिंह भोगल ने कहा होली का त्योहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्यौहार है यह एक ऐसा त्यौहार है जो हर धर्म संप्रदाय जाति के बंधनरप की सीमा से परे जाकर लोगों के भाईचारे का संदेश देता है इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले शिकवे भुला कर गले मिलते हैं और एक दूसरे को गुलाल लगाते हैं और एक दूसरे को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हैं इस अवसर पर मंडल के महामंत्री लक्ष्मी नारायण कश्यप महामंत्री अमित चतुर्वेदी राजेश पांडे सुशील श्रीवास्तव श्रद्धा तिवारी मीनाक्षी यादव सरिता ठाकुर श्वेता पांडे किरण सिंह ममता चतुर्वेदी सरिता खांडेकर कलावती दिवाकर रंजीत कोसले त्रिवेणी टंडन कमल शुक्ला रईसा बेगम अनीता दुबे प्रमिला ठाकुर माया पवनानी शैलेंद्र यादव आनंद तवाडकर अमित बजाज कालेश्वर सूर्यवंशी रितेश नाथ शत्रुघ्न जेसवनी राजेंद्र बारी मुकेश भारत मेल राम साहू संजय पांडे कार्तिक यादव मनोहर लाल वर्मा उदय चौरसिया प्रमोद शर्मा वैभव गुप्ता सुभाष तिवारी अनु टंडन संजय गुप्ता गेंदालाल खर्च राम अवतार सूर्यवंशी कृष्णा मिश्रा आनंद कश्यप विपिन ठाकुर आनंद अखिलनंद पांडे नंदन नीरज सिंह सुक्कू सिंह सुखविंदर सिंह बिट्टू राजेंद्र राजपूत अमर राजपूत अरुण लसकर गुलशन खांडेकर मनोज यादव ध्रुव देवांगन अज्जू यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ठेकेदार की मनमानी पर अफसर की चुप्पी भ्रष्टाचार नहीं तो आखिर क्या है**

# एन एच 130 सी निर्माण में ना सीबीआर के मापदण्ड का और ना जीएसबी के नियमों का हो रहा पालन

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी में मदांगमुडा से देवभोग उड़िसा सीमा तक 27.6 किमी के सड़क निर्माण के सिविल कार्यों में गुणवत्ता का जमकर अनदेखी हो रहा है। प्रदेश के अंतिम छोर होने के वजह से ना जिम्मेदार अफसरों की नजर हैं और ना जनप्रतिनिधी इसका विरोध कर रहे हैं।

ऐसे में ठेकेदार के देखरेख करने वाले लोगों का मनमानी धड़ल्ले से चल रहा है। एन एच 130 सी के चौथे हिस्से मदांगमुडा से देवभोग के इस सड़क निर्माण के लिये केन्द्रीय भूतल विभाग ने 95 करोड़ 73 लाख की राशि स्वीकृत की है जिसमें 84 करोड़ की राशि सिविल? कार्यों में व्यय होना है निर्माण के लिये बड़ी राशि स्वीकृति के बाद भी ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के नेशनल जोन के अनदेखी से स्तरहीन निर्माण हो रहा है।

## सीबीआर और जीएसबी के मापदण्ड का नहीं हो रहा पालन,सड़क कैसे होगा टिकाऊ



एन एच 130 के 27.6किमी के सड़क निर्माण में मिट्टी का सीबीआर गुणवत्ता हीन है मिट्टी के उपयोग के पहले उसका परीक्षण होता है पर परीक्षण कर्ता को कभी परीक्षण करते नहीं देखा गया है। सीबीआर का मतलब कैलिफोर्निया वायरिंग रेशों होता है मतलब सड़क निर्माण में ऐसे मिट्टी का उपयोग होना चाहिये जिसमें भारी वाहनों को सहने की क्षमता हो इसमें रेतीले मिट्टी या दाना वाले मुरम को उपयुक्त माना गया है मगर ठेकेदार द्वारा प्रतिबंध के बावजूद ठेकेदार ने कम प्रति वर्ग मीटर भार सहन करने वाले काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है जिससे सड़क गुणवत्ता हीन हो जायेगा और अपने समयावधि पूर्व ही उखड़ जायेगा। वैसे ही सड़क के बैस तैयार करने गिट्टी बजरी और डस्ट का उपयोग कर ग्रेनुअल सब बेस जीएसबी भी स्तरहीन बनाया जा रहा है।जीएसबी में अक्सर मिट्टी को भर दिया जा रहा है।

## रसुकदारों पर रहम तो किसानों के भूमि अधिग्रहण में मनमानी

सड़क निर्माण में ठेकेदार ने गोहरापदर और देवभोग के बस्ती में रसुकदारों के मकान बचाने चौड़ीकरण को कम कर दिया तो वहीं मुडागांव में 32 मीटर की चौड़ाई से तुलसी बाई,केशरमणी चक्रधारी,खगेश्वर नेताम, रेखराम नेताम सहित कई किसान की जमीन बिना अधिग्रहण के सड़क खा गयी जबकि इस संबंध में विभाग का कहना है उसके ठेकेदार ने राष्ट्रीय राजमार्ग सीमा आर ओ डब्ल्यू का पालन किया है।इधर किसानों का कहना है जानकारी के अभाव में मुआवजे के लिए विभाग को आवेदन नहीं लगा सके।वही नाली निर्माण में भी बराबर लेवल नहीं लिये जाने को लेकर पीड़ित ग्रामीण परेशान हैं।

## ग्रामीणों के परेशानी का भी नहीं रखा जा रहा ध्यान लोग फिसल कर गिर रहे

सड़क निर्माण में ठेकेदार इतनी लापरवाही कर रहा कि लोगों का सड़क में चलना दुभर है गया है अनसीजन वारिश से काली मिट्टी में फिसलन है ग्रामीण गिर रहे हैं। वही सड़क निर्माण में धुल से वातावरण को प्रदुषित होने से रोकने पानी का छिड़काव जरूरी होता है पर ठेकेदार कभी कभार पानी का छिड़काव करवा रहा है जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। इस बात को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी नाराज हैं और स्थानीय प्रशासन से इसकी कई बार शिकायत भी कर चुके हैं।

## ये कैसी लापरवाही स्वास्थ्य केंद्र के बाउंड्री वाल का गेट तोड़ा

*सड़क निर्माण कर्ता ठेकेदार का जेसीबी नाली निर्माण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के बाउंड्री वाल के मेन गेट को तोड़ डाला जब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयो ने गेट तोड़ने को लेकर आपत्ति जतायी तो उसके लोगों ने उल्टा ही स्वास्थ्य कर्मियों से तु-तु मैं-मै करने लगे। जब दबाब बढ़ने लगा तो ठेकेदार दार के लोगों ने जेसीबी से तोड़े गये में गेट को किनारे लगाया।*

# सड़क दुर्घटना में हुई अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु,

## मृतक व्यक्ति की पहचान संबंधी जानकारी दे सकते जूटमिल थाने में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



थाना प्रभारी थाना-जूटमिल रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 से 40 वर्ष की मृत्यु 22 मार्च 2024 के दरम्यानी रात ग्राम-नेतनागर उड़िसा नेशनल हाईवे रोड में किसी अज्ञात भारी वाहन चालक द्वारा मृतक को एक्सीडेन्ट कर कुचल देने से मृतक का शव क्षत-विक्षत हालत में होने की सूचना पर मौके पर जाकर फोटोग्राफी किया गया है। अज्ञात मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। उक्त मृतक कार्बन कलर का टी-शर्ट पहना था। मृतक व्यक्ति की पहचान संबंधी किसी को कोई जानकारी हो तो वे जूटमिल थाना, रायगढ़ में दे सकते हैं।

# धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुशाम ने ऑटो एवं पिकअप चालकों की बैठक ली



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ऑटो और पिकअप चालकों का धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुशाम द्वारा बैठक लिया गया। जिसमे ऑटो चालकों के साथ कई विषय पर चर्चा की गई। यह बैठक चुनाव के मद्देनजर अचार संहिता को देखते हुए की गई हैं। जिसमें थाना प्रभारी द्वारा सभी चालकों को कड़े निर्देश देकर कहां गया की यातायात सम्बंधित नियमों का कड़ाई से पालन करें। साथ ही ऑटो और पिकअप में चालकों द्वारा ठूस-ठूस कर लोगों को भरा जाता हैं जिसके कारण कई बार दुर्घटना घटित हो जाती है।

हाल ही में ऐसा कई जगहों पर घटना घटित हो चुका है। जिससे बचने के लिए यातायात नियम का पालन करें। वर्तमान में पूरे देश में अचार संहिता लागू है जिसमे कोई घटना घटित ना हो जाए इसको देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा कहा गया की कई जगहों पर चोर,गुंडे,बदमाश एक जगह से दूसरे जगह पर आने जाने के लिए ऑटो जैसी सुविधाओं का इस्तेमाल करते हैं। अगर चालकों को ऐसे किसी भी व्यक्ति पर संदेह होता है तब उसकी सूचना फोन के माध्यम से तत्काल थाने में दें। सूचना देने वालों को थाना प्रभारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# धरमजयगढ़ रेंज में सैकड़ों एकड़ जंगल कटकर साफ, विभाग को खबर तक नहीं?

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में तस्करों द्वारा खुलेआम वनों की कटाई किया जा रहा है, और वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैंठे हैं। मामला है धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के ओंगना बीड का ओंगना और दर्रीडीह जंगलों में बहुत बड़े इलाके में भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई तस्करों द्वारा किया गया है। यहां लोगों द्वारा कई एकड़ पेड़ों को काट दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्रामीणों द्वारा वन अधिकार पट्टा पाने के चक्कर में सैकड़ों एकड़ जंगल को पूरी तरह साफ कर दिया गया है। अंधाधुंध पेड़ कटाई के कारण दिन प्रतिदिन जंगल में पेड़ो की संख्या कम होते जा रहे हैं। मजेदार बात है कि ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों एकड़ जंगल साफ कर दिया जाता है। और इसकी खबर वन विभाग को है ना तो बीटगार्ड को और ना ही डिप्टी रेंजर को होता है, इससे तो ऐसा लगता है कि वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहे हैं। उसी का परिणाम है कि कई जगहों पर पेड़ कटाई हो रहा है। आज कल वन भूमि पट्टा लोगों को आसानी से दे दिया जा रहा जिसके लालच में आकर लोग जंगलों के जमीन को अपने कब्जे में लेने लगे हैं। इन्हें वन भूमि पट्टा बनाने के लिए पहले उस जमीन पर कब्जा दिखाना पड़ता है कब्जा दिखाने के लिए लोग जमीन पर लगे पेड़ों को काट देते हैं और फिर उस जमीन की सफाई कर उस पर अपना कब्जा दर्शाते हैं, कब्जा साबित होने के बाद उन्हें पट्टा दे दिया जाता है। ऐसा करने वालों को रोकने का काम वन विभाग के कर्मचारियों का होता है। लेकिन वन विभाग द्वारा ऐसा करने वालों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करने से इनके हौसले इतना बुलंद हो गया है। जिसका नतीजा है कि कई-कई एकड़ जंगल साफ कर दिया जा रहा है। ऐसा सिर्फ ओंगना बीट में ही नहीं है कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि यह बीट वन मुख्यालय से चंद दूरी पर है। अब सवाल उठता है कि क्या मैदानी कर्मचारी अपने बीट का भ्रमण करते ही नहीं है?





## क्या कहते वन रक्षक ?

*जब हमारे द्वारा बीट गार्ड कुश कुर्रे से पेड़ कटाई संबधित जानकारी पूछी गई तब उन्होंने कहां की 2 जगहों पर बड़ी संख्या में पेड़ कटाई हुई है, जिसकी जानकारी उन्हें मिली थी तब उनके द्वारा दोनों जगहों में प्रत्येक जगह पर करीब 20 से 25 लोगों पर पीओआर काटा गया है। पीओआर किसके नाम पर काटा गया है इसकी जानकारी मांगने पर उन्होंने कहां की यह जानकारी वो नहीं दें सकते आप उच्च अधिकारियों से जानकारी मांग लीजिए।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in